गैरसैंण, रविवार
28 जनवरी 2024
वर्ष: 14
अंक: 254 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया 75वां गणतंत्र दिवस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने जनपद मुख्यालय में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण दिन है जब भारत काफी गर्व के साथ संवैधानिक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूम में 75वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। कैबिनट मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस 26 तारीख को इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इसी तारीख को भारतीय संविधान लागू हुआ था। उन्होंने देश के स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए नमन किया, साथ ही देश की आजादी के लिये अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों नायको तथा देश की सीमाओं पर शहीद होने वाले जवानों को भी याद किया। इस दौरान विभागों द्वारा निकाली गई झांकियों, संस्कृति विभाग के कलाकारों व स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मंत्री ने पुलिस विभाग के 12 जवानो, विभिन्न विभागों के 25 अधिकारी/कर्मचारियों, होमगार्ड से 01 जवान सहित गुरूरामराय स्कूल के 04 बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डेय, डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरूद्व, अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, पीडी डीआरडीए संजीव कुमार राय, संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, एएसपी कोटद्वार जया बलूनी, सीओ पुलिस श्याम दत्त नौटियाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## जेल बंदीरक्षक परीक्षा से 46 अभ्यर्थी बाहर हुए

**हरिद्वार।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की जेल बंदीरक्षक परीक्षा 2022 से 46 अभ्यर्थियों को बाहर का रास्ता देखना पड़ा है।

आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि जेल बंदीरक्षक परीक्षा 2022 के सापेक्ष 28 से 30 नवंबर 2023 को आयोजित अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम में 40 अभ्यर्थियों के अनुपस्थित होने पर इन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया है। वहीं तीन अन्य अभ्यर्थियों को अलग–अलग कारण से अनर्ह घोषित किया गया है। जबकि महिला जेलबंदी रक्षक के पदों पर एक अभ्यर्थी के शारीरिक मापदंड एवं शारीरिक परीक्षा में अनुपस्थित होने, दो महिला अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम में अनुपस्थित होने पर अनर्ह घोषित किया गया है।

# नो पेंडेंसी के मूल मंत्र को आत्मसात कर आगे बढ़ें : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुभाष रोड, देहरादून स्थित एक होटल में उत्तराखण्ड प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) संघ के वार्षिक अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संघ की वार्षिक पत्रिका 'आरोही' का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) संघ द्वारा जो मांग पत्र दिया गया है, उन पर उचित कार्यवाही की जायेगी। सभी विषयों पर गंभीरता से विचार करते हुए समस्याओं का समाधान किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड प्रान्तीय सिविल सेवा के अधिकारियों से जन समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए त्वरित निर्णय के साथ सुशासन और योजनाओं की आमजन तक जल्द पहुंच के मंत्र पर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नो पेंडेंसी के मूल मंत्र को आत्मसात कर आगे बढ़ें।




सीएम पुष्कर सिंह धाकी मो उत्तराखण्ड प्रांतीय सिविल सेवा संघ के पदाधिकारी मांग पत्र सौंपते हुए।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड प्रान्तीय सिविल सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी सरकार के प्रमुख अंग हैं। जब आपके द्वारा जनहित में सराहनीय कार्य किये जाते हैं, तो इससे सरकार के प्रति जनता का और विश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी सरकार और जन सामान्य के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं। सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन और उनको आमजन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हमारे अधिकारी हैं। आप जनता और सरकार के मध्य जितना अच्छा समन्वय स्थापित करेंगे, जनहित में कार्य और तेजी से होंगे। सरकार द्वारा लिये गये नीतिगत निर्णयों को धरातल पर उतारने की पूरी जिम्मेदारी अधिकारियों पर होती है। उन्होंने कहा कि आप गुड गवर्नेंस के अग्रदूत हैं। सभी अधिकारियों से मुख्यमंत्री ने अपील की कि गुड गवर्नेंस और इनोवेशन पर जोर दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में उत्तराखण्ड की एक अलग छवि बनी है, इस छवि को बनाये रखने के लिए हमारे सभी अधिकारियों को ब्रांड एम्बेस्डर के नाते कार्य करना है। उत्तराखण्ड को श्रेष्ठ राज्यों

### उत्तराखण्ड को श्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में लाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी

की श्रेणी में लाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। देशभर में सर्वश्रेष्ठ उत्तराखंड की एक अलग छवि बन रही है, इस छवि को कायम रखने की जिम्मेदारी आप लोगों पर है। उन्होंने कहा कि प्रान्तीय सिविल सेवा सामान्य सेवा नहीं है। करोड़ों लोगों में से कुछ लोगों को इस प्रकार सेवा करने का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर-खण्ड प्रांतीय सिविल सेवा के अधिकारियों को 03 बार सेवाकालीन प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी। राज्य के पर्वतीय और मैदानी दोनों क्षेत्रों में सेवा के अवसर दिये जायेंगे। इस अवसर पर आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडेय, उत्तराखण्ड प्रान्तीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) संघ के अध्यक्ष गिरधारी सिंह रावत, उपाध्यक्ष डॉ. ललित नारायण मिश्रा, प्रताप शाह, पी. सी. दुमका एवं पीसीएस एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अधिशासी निदेशक के पेट में लगी गोली, सुरक्षाकर्मी निलंबित



**ऋषिकेश** : गणतंत्र दिवस में ध्वजारोहण से पूर्व डोईवाला शुगर मिल के सुरक्षाकर्मी से गोली चल गई, जिससे शुगर मिल के अधिशासी निदेशक वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह घायल हो गए। वहीं घटना के बाद शुगर मिल के सुरक्षाकर्मी को निलंबित करते हुए जांच कमेटी गठित कर दी गई है।

घायल शुगर मिल के अधिशासी निदेशक का उपचार सिनर्जी हॉस्पिटल देहरादून में किया गया। जिसके बाद उन्होंने शाम तक अपने रुटीन के कार्यो को भी किया। बताया जा रहा है कि शुगर मिल में ध्वजारोहण के बाद हर्ष फायरिंग की परंपरा है। इसी दौरान सुरक्षाकर्मी से ध्वजारोहण से पूर्व ही गोली चल गई। जिसके 312 बोर के छर्रे निकलकर अधिशासी निदेशक के पेट में लगे परंतु घटना होने के बावजूद भी उन्होंने ध्वजारोहण किया। साथ ही राष्ट्रगान के पश्चात संविधान की शपथ भी दिलाई। इसके बाद अधिक खून बहने व दर्द बढ़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। जहां डॉक्टर ने उनका उपचार किया है। अधिशासी निदेशक दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में जांच बैठा दी गई है। साथ ही घटना की कुछ वीडियो भी सामने आई है। जिनके संबंध में जांच की जा रही है। लापरवाही बरतने पर फिलहाल सुरक्षाकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। वही देर रात एसएसपी ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। (एजेंसी)

## जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा में सीमा पार आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**श्रीनगर ,(एजेंसी)।** जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने सीमा पार आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस ने बताया कि विश्वसनीय जानकारी और अन्य सहयोगी एजेंसियों की पुष्टि के आधार पर कार्रवाई की गई।

कुपवाड़ा पुलिस ने 9 पैरा फील्ड रेजिमेंट के साथ मिलकर पीओके स्थित लश्कर के दो आकाओं मंजूर अहमद शेख उर्फ शकूर और काजी मोहम्मद खुशाल द्वारा भेजे गए हथियारों व गोला–बारूद की तस्करी में शामिल एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया।

वर्तमान में दोनों सीमा पार से काम कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि कुपवाड़ा जिले के करनाह के जहूर अहमद भट के रूप में पहचाने गए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक एके, एक एके मैगजीन, 29 राउंड, दो पिस्तौल और दो पिस्तौल मैगजीन बरामद की गईं।

पीओके के दो हैंडलर जहूर के संपर्क में थे, जो एलओसी के करीब एक गांव का रहने वाला है। पुलिस ने कहा कि उस पार से इस तरफ भेजी गई खेप को उसके बाद अन्य आतंकी सहयोगियों तक पहुंचाया गया, जो जहूर अहमद भट और पीओके स्थित संचालकों के संपर्क में थे।

पुलिस ने कहा, जहूर के अलावा, चार और आतंकी सहयोगी खुर्शीद अहमद राथर, मुदासिर शफीक, गुलाम सरवर और काजी फजल को गिरफ्तार किया गया है। यह सभी करनाह के निवासी हैं।पुलिस ने कहा कि उनके पास से पांच एके राइफल, पांच एके मैगजीन और 16 एके राउंड सहित हथियार और गोला–बारूद तथा अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

## छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव पहुंचे उत्तराखंड

**ऋषिकेश।** छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस घोषणापत्र समिति के राष्ट्रीय संयोजक टीएस सिंह देव उत्तराखंड पहुंचे। वे लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सुझाव लेंगे। शनिवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचे छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उसके बाद वे सड़क मार्ग से देहरादून के लिए रवाना हो गए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि टीएस सिंह देव और कांग्रेस सीडब्ल्यूसी सदस्य गुरदीप सिंह सप्पल रेसकोर्स स्थित अमरीक हॉल में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इसमें वे लोकसभा चुनाव घोषणापत्र के लिए सभी वर्गों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सुझाव लेंगे। स्वागत करने वालों में कांग्रेस संचार विभाग के राष्ट्रीय सचिव वैभव वालिया, कांग्रेस सोशल मीडिया राष्ट्रीय संयोजक गौतम नौटियाल, अजय रावत, शुभम काम्बोज आदि मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस परेड में सूचना विभाग की झांकी को मिला प्र्रथम पुरस्कार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा झांकियां प्रदर्शित की गई, जिसमें सूचना विभाग की झांकी को पहला स्थान मिला है। यह पुरस्कार राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु द्वारा प्रदान किया गया। जिसे महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी व संयुक्त निदेशक/नोडल अधिकारी के.एस. चौहान ने प्राप्त किया।

देवभूमि उत्तराखण्ड में विकसित भारत के अन्तर्गत कई लाख करोड़ की विकास परियोजनाओं के कार्य जैसे ऑल वेदर रोड़, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाईन, होम स्टे, रोपवे आदि पर तेजी से कार्य किया जा रहा है तथा पारम्परिक अनाजों का भी पर्याप्त मात्रा में उत्पादन किया जा रहा है। सूचना विभाग के



महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सूचना विभाग द्वारा विकसित उत्तराखण्ड की झांकी का निर्माण किया गया है। झांकी के अग्र भाग में उत्तराखंडी महिला को पारम्परिक वेशभूषा में स्वागत करते हुए दिखाया गया है तथा पारंपरिक अनाज मंडुवा, झंगोरा, रामदाना तथा कौणी की खेती व राज्य पक्षी मोनाल को दिखाया गया है। झांकी के मध्य भाग में होम स्टे को दिखाया गया है। पहाड़ों में होमस्टे योजना से हजारों ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 में उत्तराखण्ड के सरमोली गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव घोषित किया गया है। साथ ही लखपति दीदी योजना से उत्तराखण्ड में महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

स्वयं सहायता समूह में कार्य करते हुए स्थानीय महिलाओं व सुदूर पहाडों में सौर ऊर्जा तथा मोबाईल टावर को दिखाया गया है। झांकी के आखरी भाग में ऑल वेदर रोड़, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, रोपवे तथा भारत के प्रथम गांव माणा के लिए रोड़ कनेक्टिवी को दर्शाया गया है। इन योजनाओं से उत्तराखण्ड में यात्रियों के लिए आवागमन की सुविधा में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है। झांकी का डिजाईन एवं कान्सेप्ट व निर्माण विभाग के संयुक्त निदेशक/नोडल अधिकारी के.एस.चौहान के निर्देशन में किया गया है। झांकी के साथ उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति पर आधारित पारम्परिक वेशभूषा में नृत्य करते हुए कलाकार थे।

# इंडी अलायंस गठबंधन नहीं सिर्फ इंटरटेनमेंट, कोई सीटें देने को तैयार नहीं: अनुराग ठाकुर

**लखनऊ, एजेंसी।** केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने इंडी अलायंस को गठबंधन नहीं सिर्फ इंटरटेनमेंट बताते हुए कहा कि कांग्रेस की न्याय यात्रा एक 'छलावा' है और कांग्रेस पार्टी के अंदर कांग्रेसी नेताओं को ही 'न्याय' नहीं मिल रहा है। अनुराग ठाकुर ने यहां खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम से पूर्व मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कहा, "कांग्रेस की न्याय यात्रा छलावा है। आज जिस कांग्रेस में राहुल गांधी और श्रीमती सोनिया गांधी लोगों को न्याय दिलाने की बात करते हैं वहां कांग्रेस के नेताओं को ही न्याय नहीं मिल रहा है। एक के बाद एक बड़ा नेता कांग्रेस को छोड़ रहा है। कपिल सिब्बल जी, गुलाम नबी आजाद जी, अश्विनी कुमार जी, हिमंता बिस्वा शर्मा जी, सुरेश जाखड़, आरपीएन सिंह, अनिल एंटोनी, हार्दिक पटेल, ज्योतिरादित्य सिंधिया और मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस छोड़ दी है। अपनी पार्टी में ही न्याय न मिलने के कारण आज कांग्रेस छोड़ने वालों की लंबी लाइन लगी है। भारतीय जनता पार्टी में सभी को सम्मान मिला है। हम अच्छे लोगों को अपना परिवार मानते हैं। यही कारण है की आज कोई मुख्यमंत्री है, कोई केंद्रीय मंत्री है, कोई सांसद है, कोई विधायक है। आज लोग मोदी जी के विकास के साथ जुड़ना चाहते हैं।"



इंडी गठबंधन और कांग्रेस पर प्रहार करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, "मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मिली करारी शिकस्त के बाद आज सहयोगी दल भी कांग्रेस के साथ गठबंधन करने में कतरा रहे हैं। डूबते जहाज पर कोई सवारी नहीं करना चाहता। कांग्रेस तो डूबी ही है, अपने साथ अन्य दलों को भी डूबा रही है। गठबंधन तो बना लिया मगर सीट शेयरिंग के नाम पर कोई सीटें देने को तैयार नहीं हैं। यह गठबंधन नहीं सिर्फ इंटरटेनमेंट है।" उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने के कार्यक्रम में बोलते हुए श्री अनुराग ठाकुर ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की नीतियों के चलते आज भारत खेलों के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित कर रहा है।"

उन्होंने कहा, "उत्तर प्रदेश में हमेशा से एक समृद्ध खेल परंपरा रही है और यह देखना हर्षदाई है कि अब उत्तर प्रदेश भारत में खेलों का केंद्र बन रहा है। आज उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व अन्य गणमान्यों के साथ लखनऊ में 19वें एशियन गेम्स 2022, चौथे पैरा एशियन गेम्स 2022 और 37वें नेशनल गेम्स 2023 में उत्तर प्रदेश के साथ–साथ पूरे देश का मान बढ़ाने वाले यहाँ के खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों सम्मानित करने का सुअवसर मिला। केंद्र सरकार, राज्य सरकार की मदद और खिलाड़ियों की मेहनत से एशियाई और पैरा एशियाई में मैडल जीतने के नए कीर्तिमान स्थापित किए है। खिलाड़ियों को उनके योगदान के लिए सम्मान देने का प्रदेश सरकार का यह कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय है जो ना सिर्फ़ हमारे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ायेगा बल्कि अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा। मैं सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।"

## सियासी हलचल के बीच फ्रंट फुट पर आए लालू, खुद लेंगे फैसले, विधायक दल की बैठक में लिया फैसला

**पटना, एजेंसी।** बिहार में मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में कोई भी निर्णय लेने के लिए पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को अधिकृत किया गया है। राजद के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने शनिवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि पार्टी के विधायकों, मंत्रियों और अन्य वरिष्ठ नेताओं की बैठक के दौरान सर्वसम्मति से लालू प्रसाद यादव को बिहार में मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में कोई भी निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में उपस्थित सभी नेताओं ने हाथ उठाकर राज्य में अस्थिर राजनीतिक परिदृश्य में निर्णय लेने के लिए श्री यादव को अधिकृत किया।

मनोज झा ने कहा, "बैठक के दौरान राष्ट्रीय महत्व और बिहार से संबंधित सभी मुद्दों पर चर्चा हुई।" उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर कड़ी नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में अब तक महागठबंधन सरकार काम कर रही है। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के आवास पर बुलाई गई राजद विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक के दौरान



पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने महागठबंधन सरकार में पार्टी कोटे के सभी विधायकों और मंत्रियों से सरकार की उपलब्धियों के बारे में लोगों को जागरूक करने को कहा। बैठक में सभी विधायकों ने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के निर्णय का पालन करेंगे। इस बीच राजद सुप्रीमो श्री यादव ने पार्टी के सभी विधायकों को अगले कुछ दिनों तक पटना में मौजूद रहने को कहा है। साथ ही उन्होंने सभी से एकजुट रहने को कहा।

## बेटे ने गला दबाकर की माँ की हत्या, गया जेल

**देहरादून** : उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में एक बहुत ही ज्यादा हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक बेटे ने अपनी मां की गला दबाकर हत्या की दी। हत्यारोपी बेटे को शक था कि उसकी मां उसे खाने में जहर दे रही है। पुलिस ने केस दर्ज कर बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। देहरादून के प्रेमनगर में एक युवक ने गला दबाकर मां को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस के अनुसार, प्रेमनगर निवासी चंद्रा देवी (55) बेटी के साथ रह रहीं थी। शुक्रवार रात किसी बात को लेकर बेटे अजय की मां के साथ बहस हो गई। आरोप है कि इस दौरान आरोपी अजय ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने अपने भाई को मां के आत्महत्या करने की सूचना दी। सूचना पर भाई और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला की हत्या का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अजय से सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि वो अल्सर का मरीज है। उसे इंटरनेट से पता चला कि अल्सर खाने में जहर के कारण होता है। उसे शक था कि मां उसे खाने में जहर दे रही है। इससे वो आपा खो बैठा और मां की हत्या कर दी। आरोपी मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। (एजेंसी)

# मुझे गिरफ्तार करने, मेरी सरकार गिराने की साजिश हो रही : अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को आरोप लगाया कि उन्हें गिरफ्तार करने और उनकी सरकार को गिराने की साजिश की जा रही है। सीएम ने यह भी दावा किया कि दिल्ली में ऑपरेशन लोटस शुरू किया गया है।

सीएम केजरीवाल ने कहा, हाल में भाजपा ने दिल्ली के हमारे सात विधायकों से संपर्क किया और कहा कि हम कुछ दिनों के बाद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। उसके बाद हम आप विधायकों को दलबदल कराएंगे। 21 विधायकों से बात हो चुकी है। हम अन्य आप विधायकों से भी बात कर रहे हैं। उसके बाद हम दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार को गिरा देंगे। आप भी शामिल हो सकते हैं। आपको 25 करोड़ रुपये और चुनाव लडने् के लिए टिकट दूंगा।

सीएम ने एक्स अकाउंट से पोस्ट किया, हालांकि, भाजपा पदाधिकारी दावा करते हैं कि उन्होंने 21 आप विधायकों से संपर्क किया है। हमारी जानकारी के अनुसार, उन्होंने अब तक केवल सात विधायकों से संपर्क किया है और उनमें से सभी ने प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है।आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि ऑपरेशन लोटस पहली बार नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा गैर–भाजपा शासित राज्यों में चुनी हुई सरकारों को गिराने के लिए ऑपरेशन लोटस चलाती है। वे विधायकों को खरीदते हैं और चुनी हुई सरकारों को गिराने के लिए उन्हें सीबीआई और ईडी की धमकी देते हैं।आप नेता ने कहा कि भाजपा ईडी के जरिए कथित शराब घोटाले के फर्जी आरोपों में अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने का इरादा रखती है। उसके बाद, वे सरकार बनाने के लिए दिल्ली में चुनी हुई सरकार को गिराने के लिए पैसे की पेशकश करके आप विधायकों को डराने की कोशिश करेंगे।

केजरीवाल ने एक्स पर यह भी लिखा, इसका मतलब यह है कि मुझे किसी शराब घोटाले की जांच के लिए गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है, बल्कि वे दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार को गिराने की साजिश रच रहे हैं। पिछले नौ वर्षों में उन्होंने हमारी सरकार को गिराने के लिए कई साजिशें रचीं। लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। भगवान और लोगों ने हमेशा हमारा साथ दिया। हमारे सभी विधायक भी हमारा पुरजोर समर्थन कर रहे हैं। इस बार भी ये लोग अपने नापाक मंसूबे में नाकाम रहेंगे।

# मोदी के नशे का तोड़ क्या ?



**शकील अख्तर**

उधर के भक्त मोदीजी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाते मगर इधर के भक्त किसी काम के नहीं। और बात भक्तों की क्या कांग्रेस के बड़े नेता भी या दूसरे विपक्षी दलों के नेता भी केवल मोदी विरोध को ही हथियार बनाए हुए हैं लेकिन मोदी के और बढ़ते जादू, उनके नशे का तोड़ नहीं ढूंढ पा रहे।विपक्ष याद रखे भूखे भजन न होई गोपाला !बेरोजगार, महंगाई की मार से त्रस्त जनता ज्यादा समय तक भजन नहीं कर सकती। यही सही और आखिरी समय है जब उसे जगा दिया जाए।

भक्त उधर भी हैं। भक्त इधर भी। मगर फर्क है। उधर के भक्त मोदीजी को कोईनुकसान नहीं पहुंचाते मगर इधर के भक्त किसी काम के नहीं। वे राहुल को याइंडिया गठबंधन को फायदा पहुंचाने के बदले केवल मोदी विरोध से खुश होतेरहते हैं। मगर इस खुश होने से कोई फायदा नहीं। नरेंद्र मोदी कमजोर नहीं होते हैं। और बात भक्तों की क्या कांग्रेस के बड़े नेता भी या दूसरे विपक्षी दलोंके नेता भी केवल मोदी विरोध को ही हथियार बनाए हुए हैं लेकिन मोदी के औरबढ़ते जादू, उनके नशे का तोड़ नहीं ढूंढ पा रहे।

यही विपक्ष का असली मसला है। सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंगलवार को एक बड़े अंग्रेजी अख़बार ने अपने फ्रंट पेज पर केवल फोटो छापा। पूरे पेज पर रामलला के साथमोदी जी। बाकी अखबारों ने गर्भ गृह के योगी जी, मोहन भागवत सबके फोटोछापे। मगर असली फोटो मोदी जी का है। यही चुनाव में चलेगा। अब यह बात किसी से छुपी नहीं है कि मोदी जी अपना तीसरा चुनाव मंदिर के नाम पर ही लड़ेंगे। उनका लक्ष्य देश का सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्रीरहना है। वैसे तो 1947 से जोड़ा जाए तो पंडित नेहरू 16 साल से अधिकप्रधानमंत्री रहे। लेकिन अगर 1952 के पहले आम चुनाव से जोड़ा जाए तो सबसेअधिक प्रधानमंत्री रहने का रिकार्ड इन्दिरा गांधी के नाम है। मोदी एक केबाद एक चुनाव जीतकर उसी को तोडने़ का प्रयास कर रहे हैं।

धर्म का नशा जिसे दुनिया का सबसे तेज और गहरे प्रभाव वाला नशा कहा जाताहै अब पूरी तरह फैला दिया गया है। इसका तोड़ ढूंढे बिना कांग्रेस याइन्डिया गठबंधन मोदी का मुकाबला नहीं कर सकती। कांग्रेस ने बहुत कमेटियां बना रखी हैं। पोलिटिकल, विचार, स्ट्रेटेजी पतानहीं क्या क्या ! मगर अभी हुए विधानसभाओं में तीन जीते हुए राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ हारने से मालूम पड़ा कि न तो कोई कमेटीकाम कर रही है और न किसी नेता का प्रभाव। जैसे बॉल को देखने के बदले कहींऔर देखने लगने से हाथ में आया कैच छुट जाता है वैसे ही कांग्रेस ने यहतीनों राज्य गंवा दिए। और इससे सबक क्या लिया? कुछ नहीं। हार की समीक्षाके लिए हर राज्य की मीटिंग हो गई। मगर नतीजा क्या निकला?

अपने प्रवक्ता को नोटिस दे दो! किसलिए? क्योंकि उसने कहा कि हमें जगह जगहटीवी में जाना पड़ता है वहां अगर एंकर वह हो जिसका इंडिया गठबंधन नेबायकाट कर रखा है तो हम डिबेट में शामिल नहीं हो सकते। नहीं होते। मगरफिर वे लोग पूछते हैं कि जब अंग्रेजी चैनल की एंकर नविका कुमार जिसकाआपके गठबंधन इंडिया ने बाकायद लिस्ट निकालकर बायकाट किया था उसे कांग्रेसके नेता कमलनाथ हवाई जहाज में बिठाकर इंटरव्यू क्यों दे रहे थे तो हमारेपास कोई जवाब नहीं होता है। प्रवक्ता आलोक शर्मा की इस बात पर कांग्रेसके मीडिया डिपार्टमेंट ने उन्हें नोटिस दे दिया। कांग्रेस में इस बात काकड़ा विरोध हो रहा है कि काम करने वाले फ्रंट पर लडने़ वाले फुट सोल्जर(अग्रिम पंक्ति के सिपाही) से सवाल पूछा जा रहा है और जनरल बनकर युद्धहराने वाले से किसी की कुछ कहने की हिम्मत नहीं है।

2014 का चुनाव भी हराने वालों से भी कांग्रेस कुछ नहीं पूछ सकी। 2019 मेंतो राहुल जो पार्टी अध्यक्ष थे उस समय उन्होंने खुद कहा कि मेरा साथ किसीने नहीं दिया उस समय भी पार्टी खामोश रही और अब जब लगातार तीसरा चुनावसिर पर है तो पार्टी फ्रंट पर लडने़ वालों का मनोबल तोड़ रही है। क्याकांग्रेस को मालूम है कि भाजपा के प्रवक्ता जो तर्क में, तथ्य में, भाषाशैली प्रवाह में आलोक शर्मा का मुकाबला नहीं कर पाते थे वे कांग्रेसद्वारा ही उन्हें कटघरे में खड़ा करने पर कितने खुश हैं? वह एंकर जिनसेआलोक शर्मा सीधे कह देते थे कि भाजपा के प्रवक्ता की तरह बात मत कीजिएपत्रकार की तरह कीजिए उन्हें नोटिस मिलने पर कितने खुश हैं?

कमलनाथ को कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया जाना चाहिए। और जैसा कि मध्यप्रदेश में उन्होंने खुद को भावी मुख्यमंत्री कहलवाना शुरू कर दिया थावैसे ही यहां भी भावी प्रधानमंत्री कहलवाने लगेंगे। और उनके बेटे नकुलनाथने जैसे वहां उनके शपथ ग्रहण की तारीख बता दी थी यहां भी प्रधानमंत्री केतौर पर उनके शपथ ग्रहण की तारीख बता देंगे। राहुल बेकार में यात्रा कर रहे हैं। डरो मत का नारा दे रहे हैं। कह रहेहैं कि भाजपा में तानाशाही है हमारे यहां कोई भी कार्यकर्ता हमसे सीधासवाल कर सकता है। वहां उनके सबसे दमदार प्रवक्ता से उनकी ही पार्टी कह

रही है चुप रहिए। जो काम भाजपा और गोदी मीडिया नहीं कर पाई वह कांग्रेसने ही कर दिया। धन्य हो पार्टी। वह यह भी भूल गई कि अभी तीन साल पहले ही उसका प्रवक्ताराजीव त्यागी ऐसे ही बहादुरी से गोदी मीडिया के अपमानजनक सवालों से जुझतेहुए लाइव डिबेट में ही अपनी जान खो बैठा था। अब कांग्रेस उन्हें याद भीनहीं करती है। तो क्या कांग्रेस ऐसे ही चलेगी! क्या राहुल को पता होता है कि कांग्रेसमें क्या चल रहा है? उन्हें यात्रा पर लगा दिया है। यात्रा अच्छी चल रहीहै। खूब भीड़ आ रही है। पहली यात्रा में भी आई थी। उसमें खूब मध्य प्रदेश और राजस्थान रहे थे। मध्य प्रदेश के लिए तो दावा किया था कि हम जीत रहेहैं। 150 सीट बोलीं थीं। मगर मध्य प्रदेश सबसे बुरी तरह हारे।

यात्रा अच्छी चीज है। मगर चुनावी नतीजे न दे तो किस काम की। केवल राहुलको उलझाए रखना! समय लगातार कठिन से कठिनतर होता जा रहा है। असम में रोजभाजपा के मुख्यमंत्री उन्हें परेशान कर रहे हैं। मंदिर नहीं जाने दे रहे।यूनिवर्सीटी नहीं। गोहाटी शहर में नहीं। हर कदम पर बाधा। यह भविष्य केखतरनाक संकेत हैं। अगर तीसरी बार भी मोदी जीत गए तो फिर कांग्रेस के नेता अपने कार्यकर्ताओंसे ही लड़ते रह जाएंगे। भाजपा से लडने़ की हिम्मत उनकी नहीं पड़ेगी। मोदीजी से लडने़ का तो सवाल ही नहीं है। उनसे एक अकेले लडने़ वाले राहुल कोऐसे ही खर्च कर देंगे।

सवाल है भाजपा की मोदी की धर्म की राजनीति का तोड़ क्या? मुकाबला कैसे ?जनता परेशान है। मगर इलाज धर्म में ही ढुंढ लेती है। कोई और इलाज उसकेपास पहुंचाया ही नहीं जा रहा। जैसे कहते है कि वीर बिहिन मही मैं जानी! राजा जनक ने कहा था। तो क्यावैसे ही बुद्धि, आइडिए, पोलिटिकल सेंस से विहीन आज विपक्ष हो गया है?वीरता में, साहस में, निर्भयता में तो राहुल का कोई मुकाबला नही है। विपक्ष के और भी नेता ऐसे हैं। उद्धव ठाकरे, लालू यादव, ममता बनर्जी,केजरिवाल ऐसा ही साहस दिखा रहे हैं। और भी होंगे जिनका साहस और सामने आए।मगर अब जब चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है उस समय दो बाते सबसे जरूरीहैं।

एक, विपक्ष की एकता इंडिया गठबंधन एकजुट साफ दिखना चाहिए। कोई जरा सा भीसंदेह नहीं। तभी जनता यकीन करेगी। दूसरे कुछ नए आइडिए। मतलब जनता सेजुड़े मुद्दों को किस तरह विपक्ष पेश करे की वह उसके नशे को तोड़ सके। रोजी रोटी का सवाल बहुत बड़ा है। इससे बड़ा कोई सवाल ही नहीं होता। मगरविपक्ष इसे सही तरीके से पेश ही नहीं कर पा रहा। रोजी रोटी अगर एक बारजनता के मन में घुस गई तो उसके सारे नशे उतर जाएंगे।

मगर क्या विपक्ष यह कर पाएगा? समय कम है। मीडिया एकदम विरोधी।कार्यकर्ताओं के हौसले खुद कांग्रेस तोड़ रही है। मुद्दा जनता तकपहुंचेगा कैसे! मुश्किल सवाल है। मगर असंभव नहीं। विपक्ष याद रखे भूखे भजन न होई गोपाला !बेरोजगार, महंगाई की मार से त्रस्त जनता ज्यादा समय तक भजन नहीं कर सकती।यही सही और आखिरी समय है जब उसे जगा दिया जाए। पूरी ताकत से वह सुबह आ गईका सामूहिक नाद करके !

# भारतीय राजनीति का अंतिम मोर्चा

**अजीत द्विवेदी**

क्या यह माना जाए कि भारत की राजनीति बदलाव के उस मोड़ पर है, जहां वह आधुनिक इतिहास में पहले कभी नहीं पहुंची और उस मोड़ पर जो मुकाबला होना है वह फाइनल फ्रंटियर यानी अंतिम मोर्चे की तरह है? अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन के बाद अगले तीन–चार महीने में लोकसभा का चुनाव होना है। इस चुनाव में एक तरफ हिंदू धर्म की ध्वजा उठाए नरेंद्र मोदी और उनकी अक्षौहिणी सेना होगी तो दूसरी ओर भारत की विविधता, बहुलता और न्याय की दुहाई देते हुए देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस होगी, जिसके साथ या पीछे पीछे जातीय विभाजन की फॉल्टलाइन को बढ़ा कर राजनीति करने वाली मंडल की पार्टियां और भाषायी अस्मिता की राजनीति करने वाली पार्टियां होंगी। पूरब से पश्चिम और दक्षिण तक ऐसी कई पार्टियां हैं। इस लिहाज से अगले चुनाव को मंडल और कमंडल की लड़ाई का फाइनल फ्रंटियर कह सकते हैं तो साथ ही उत्तर और दक्षिण की लड़ाई का भी अंतिम मोर्चा मान सकते हैं। जो यह चुनाव जीतेगा उसकी हर मोर्चे पर फतह मानी जाएगी और लंबे समय तक देश की राजनीति पर उसका और उसकी विचारधारा का वर्चस्व कायम होगा।

अभी तक भाजपा की राजनीति के बरक्स दो तरह की राजनीति सफल होती रही है। एक मंडल की यानी जातियों की और दूसरी भाषायी अस्मिता की राजनीति। विपक्ष की जो पार्टी भाजपा के मुकाबले सफल रही या जिसने भाजपा को टक्कर दिया उसकी राजनीति इन दो में से किसी मुद्दे पर आधारित रही। कह सकते हैं कि कांग्रेस इन दोनों में से कोई राजनीति नहीं करती है फिर भी वह मुख्य प्रतिद्वंद्वी के तौर पर बनी हुई है। यह बात तर्क के लिए सही है लेकिन असल में भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी दल की हैसियत मुस्लिम वोटों की वजह से बनी है। कुछ राज्यों में भाजपा विरोधी वोट के साथ मुस्लिम वोट जुड़ जाने से कांग्रेस को सीटें मिलीं या जातीय व भाषायी अस्मिता की राजनीति करने वाली पार्टियों के साथ तालमेल का फायदा उसे मिला। यह किसी पहलू से नहीं कहा जा सकता है कि कांग्रेस या दूसरी भाजपा विरोधी पार्टियों ने किसी वैकल्पिक सिद्धांत या विचार को लेकर राजनीति की। हां, भाजपा से उनके विरोध को वैचारिक विरोध कह सकते हैं लेकिन उन दलों की राजनीति किसी वैकल्पिक विचार पर आधारित नहीं रही है। यह बहुत बारीक फर्क है, जिसे समझने की जरुरत है।

इस बार उसी फर्क को चुनौती मिल रही है। एक फर्क मंडल और कमंडल की राजनीति का रहा है। भाजपा ने कमंडल यानी मंदिर की राजनीति शुरू की थी। 1989 में पालमपुर प्रस्ताव से मंदिर को राजनीतिक मुद्दा बनाया गया था और दो सांसदों वाली पार्टी उसी साल के चुनाव में 81 सीट पर पहुंच गई थी। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता है कि मंडल की राजनीति के जवाब में कमंडल की राजनीति शुरू हुई। भाजपा ने मंदिर की राजनीति पहले शुरू की थी और एक चुनाव में उसका फायदा लिया था। उसके बाद वीपी सिंह की सरकार ने 1990 में मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू की थी और पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण का पंडोरा बॉक्स खोला था। उसके बाद कई बरसों तक ऐसा लगता रहा कि ये दोनों विचार एक दूसरे के विरोधी हैं। हालांकि भाजपा ने तब भी सोशल इंजीनियरिंग जारी रखी थी। उत्तर प्रदेश पहले उसकी प्रयोगशाला थी, जहां गोविंदाचार्य ने सोशल इंजीनियरिंग का प्रयोग किया और उसके बाद मध्य प्रदेश प्रयोगशाला बनी, जहां उमा भारती से शुरू करके मोहन यादव तक पिछले 21 साल में सिर्फ पिछड़ी जाति के सीएम बने हैं।

बिहार मंडल राजनीति की धरती रही लेकिन नीतीश कुमार ने बहुत होशियारी से बिहार में भाजपा को सोशल इंजीनियरिंग नहीं करने दी और न पिछड़ी या अत्यंत पिछड़ी जाति का कोई नेता तैयार होने दिया। इसलिए बिहार थोड़ा पीछे रह गया। अब वहां भी भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग चल रही है। 24 जनवरी को भाजपा भी पटना में कर्पूरी ठाकुर की जयंती बड़े पैमाने पर मना रही है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद धीरे धीरे मंडल और कमंडल की राजनीति का फर्क मिटता गया है। दोनों के बीच की दूरी कम होती गई है। उन्होंने बहुत सुनियोजित तरीके से दोनों को मिला दिया। इसका नतीजा यह है कि आज अत्यंत पिछड़ी जातियों का 48 फीसदी और अन्य पिछड़ी जातियों का 40 फीसदी वोट भाजपा को मिलता है। कुल मिला कर 44 फीसदी पिछड़ा वोट भाजपा को जाता है। अयोध्या के भव्य कार्यक्रम के बाद यह दूरी और कम होगी। इसका कारण यह है कि मंडल के मसीहा जाति की राजनीति में उलझे रहे उन्होंने मंडल प्लस कुछ नहीं किया। कोई नई चीज नहीं जोड़ी, जबकि नरेंद्र मोदी ने कमंडल में प्लस किया।

# भारत की क्या राय?

निर्गुट सम्मेलन के बाद जारी घोषणापत्र में जो बातें कही गईं, वे इजराइल–फिलस्तीन के मौजूदा युद्ध के बारे में भारत के रुख से मेल नहीं खातीं। इसमें गजा में इजराइली कार्रवाई की दो टूक निंदा की गई, मगर हमास को कोई जिक्र नहीं किया गया।

शीत युद्ध के दौर में गुटनिरपेक्ष आंदोलन एक महत्त्वपूर्ण आवाज था। लेकिन सोवियत संघ के विखंडन के साथ चूंकि तत्कालीन एक गुट का विलोप हो गया, तो इस आंदोलन ने भी अपनी प्रासंगिकता खो दी। इसके बावजूद इस समूह को इससे जुड़े देशों ने जिंदा रखा और अब जबकि दुनिया फिर से भूमंडलीकरण की उलटी दिशा में चल पड़ी है, तो अचानक इसका शिखर सम्मेलन मीडिया की सुर्खियों में आया। भारत में इसको लेकर और जिज्ञासा पैदा हुई क्योंकि विदेश मंत्री जयशंकर 120 देशों की सदस्यता वाले इस समूह की शिखर बैठक में भाग लेने यूगांडा की राजधानी कंपाला गए। विदेश मंत्री ने सम्मेलन में ग्लोबल साउथ की एकता पर जोर दिया और इस मकसद को हासिल करने में निर्गुट आंदोलन की भूमिका की चर्चा की। बहरहाल, सम्मेलन के बाद जारी घोषणापत्र में जो बातें कही गईं, वे कम–से–कम इजराइल–फिलस्तीन के मौजूदा युद्ध के बारे में भारत के रुख से मेल नहीं खातीं। इसमें गजा में इजराइली कार्रवाई की दो टूक निंदा की गई, मगर हमास को कोई जिक्र नहीं किया गया। आतंकवाद की चर्चा सामान्य रूप में ही हुई और उसका विरोध किया गया। जबकि बीते सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमलों को भारत ने आतंकवाद बताया था और उसकी दो टूक निंदा की थी। घोषणापत्र में गजा में तुरंत युद्धविराम की मांग की गई, जबकि भारत वहां मानवीय आधार पर लड़ाई रोकने की वकालत करता रहा है। कहा जा सकता है कि कंपाला घोषणापत्र में इस समय ग्लोबल साउथ की आम सोच प्रतिबिंबित हुई। चूंकि घोषणापत्र साझा है, इसलिए यह आम अनुमान लगाया जाएगा कि भारत इसमें कही गई बातों से सहमत है। क्या सचमुच ऐसा है? इस बारे में भारतीय विदेश मंत्रालय को अवश्य जानकारी देनी चाहिए। भारतीय विदेश नीति के बारे में स्पष्टता बनाने के लिए यह अवश्यक है। बहरहाल, गौरतलब है कि यूगांडा ने निर्गुट सम्मेलन के तुरंत बाद विकासशील देशों के अन्य समूह ग्रुप–77 की चीन के साथ बैठक आयोजित की। हालांकि नाम ग्रुप–77 है, लेकिन इसमें 135 देश शामिल हैं। इसे संयुक्त राष्ट्र में विकासशील देशों के बीच तालमेल के लिए बनाया गया था।

## भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 6–3 से हराया, फाइनल में नीदरलैंड से भिड़ंत

**मस्कट, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शुक्रवार रात एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 6–3 से रोमांचक जीत दर्ज की। भारत के लिए अक्षता अबासो ढेकाले (7′), मारियाना कुजूर (11′), मुमताज खान (21′), रुतुजा दादासो पिसल (23′), ज्योति छत्री (25′) और अजीमा कुजूर (26′) ने गोल किए वहीं दक्षिण अफ्रीका के लिए टेशॉन डी ला रे (5′), कप्तान टोनी मार्क्स (8′), और डिर्की चेम्बरलेन (29′) ने गोल दागे। दक्षिण अफ्रीका ने पहले हाफ की शुरुआत अनुशासित और रक्षात्मक रवैये के साथ की मगर दक्षिण अफ्रीका की टेशॉन डी ला रे ने एक करीबी–रेंज रिवर्स शॉट से अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। रुतुजा दादासो पिसल ने जल्द ही बराबरी हासिल करने की कोशिश की, लेकिन उनका शॉट पोस्ट से दूर चला गया।



भारत बराबरी करने की कोशिश कर रहा था और आखिरकार अक्षता अबासो ढेकाले ने दक्षिण अफ्रीका की गोलकीपर ग्रेस कोचरन को छकाते हुये गोल कर भारत को बराबरी पर ला दिया। हालांकि भारत का जश्न ज्यादा समय तक नहीं रहा जब दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टोनी मार्क्स ने भारतीय गोलकीपर को चकमा देते हुए अपनी टीम को फिर से बढ़त दिला दी।

भारत बराबरी की स्थिति में आने के लिए संघर्ष करता रहा और ज्यादा समय नहीं लगा जब मारियाना कुजूर ने दक्षिण अफ्रीकी गोल के सामने रॉकेट दागकर स्कोर 2–2 कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे हाफ में मजबूत शुरुआत की लेकिन भारत रक्षा में दृढ़ रहा। खेल के आगे बढ़ने के साथ रुतुजा ने दक्षिण अफ्रीकी गोल में गेंद डाल दी। इससे दो मिनट पहले ही मुमताज खान ने गेंद को नेट में डाल कर भारत को प्रतियोगिता में बढ़त दिला दी।

खेल में पांच मिनट बचे होने पर ज्योति छत्री ने दबाव में गोल पर शॉट लगाया, जिसने दक्षिण अफ्रीका की गोलकीपर ग्रेस कोचरन को छकाया और टीम की बढ़त बढ़ा दी। अजमीना कुजूर ने हाफ लाइन के करीब से एक आत्मविश्वासपूर्ण शॉट लिया और स्कोर 6–2 से भारत के पक्ष में कर दिया। पहले हॉफ के एक मिनट पहले डिर्की चेम्बरलेन ने दक्षिण अफ्रीका के लिए तीसरा गोल किया। भारत अब फाइनल में 28 जनवरी को नीदरलैंड से भिड़ेगा।

## नीरज चोपड़ा से प्रेरित होकर भालाफेंक एथलीट दीपिका ने मीट रिकॉर्ड तोडने़ की आदत जारी रखी

**चेन्नई, एजेंसी।** हरियाणा की युवा भालाफेंक खिलाड़ी दीपिका ने 17 साल की उम्र में अपने आदर्श नीरज चोपड़ा की तरह ही रिकॉर्ड तोडने़ की आदत बना ली है। नीरज मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता हैं। शीर्ष तक पहुंचकर उन्होंने नए मानक स्थापित किए हैं। दीपिका हरियाणा के फतेहाबाद जिले में स्थित 5,000 निवासियों का एक शांत गांव बनगांव की हैं। इस क्षेत्र से भालाफेंक में पदकों की संख्या बढने़ के कारण इस क्षेत्र के एथलेटिक्स कोच इसे हरियाणा का मिनी फिनलैंड कहते हैं।हालांकि, बनगांव के निवासियों के लिए भालाफेंक प्रतियोगिताओं में नए रिकॉर्ड बनाना एक नियमित मामला है। यही हाल दीपिका का भी है।दीपिका ने गुरुवार को चौथे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेते हुएअपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 56.79 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता और अपना पिछला मीट रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह 2022 से भारत सरकार की खेलो इंडिया स्कॉलरशिप योजना का भी हिस्सा रही हैं उनकी सफलता के पीछे हनुमान सिंह हैं, जो अपने शिष्यों को मैदान पर खुद को खुलकर बोलने की अनुमति देते हैं

## डी कॉक ने डरबन सुपर जाएंट्स को शीर्ष स्थान पर पहुंचाया

**पार्ल, एजेंसी।** क्विंटन डी कॉक ने बोलैंड पार्क में डरबन के सुपर जायंट्स को एसए20 तालिका में शीर्ष पर पहुंचाया. सुपर जाइंट्स के लिए 51 गेंदों में 83 रन बनाकर अपने मेजबान पार्ल रॉयल्स को शिखर पर पहुंचाने से पहले, डी कॉक पूरे सीजऩ 2 में अपेक्षाकृत शांत रहे।अपरिचित नंबर 4 स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए, डी कॉक क्रीज पर जॉन जॉन स्मट्स (52) के साथ शामिल हुए और इस जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए केवल 82 गेंदों पर 118 रन जोड़े।इसके बाद डी कॉक को हेनरिक क्लासेन का साथ मिला, जिन्होंने आक्रमक की भूमिका निभाते हुए केवल नौ गेंदों में 30 रन बनाकर डीएसजी को 190/3 तक पहुंचाया।लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स की शुरुआत सकारात्मक रही, लेकिन एक बार जब जेसन रॉय स्मट्स की गेंद पर क्लीन बोल्ड होकर आउट हो गए, तो घरेलू टीम की शेष बल्लेबाजी बढ़ती रन गति के साथ टिक नहीं सकी।

## इंग्लैंड के इस स्टार बल्लेबाज ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का रिकार्ड, सबसे ज्यादा रन बनाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट गुरुवार को हैदराबाद टेस्ट के दौरान महान सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ते हुए भारत–इंग्लैंड टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए।

\हैदराबाद में जो रूट को सचिन का रिकॉर्ड तोडने़ के लिए सिर्फ 10 रन चाहिए थे। रूट ने इंग्लैंड की पहली पारी के 21वें ओवर में चौका लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। जो रूट ने इस मैच से पहले भारत के खिलाफ 25 मैच में 2526 रन बनाए थे। इस दौरान उनका औसत 63.15 का रहा।

भारत के खिलाफ उन्होंने नौ शतक और 10 अर्द्धशतक लगाए हैं। वह भारतीय कंडीशन में खुद को जल्दी ढाल लेते हैं। जो रूट ने पहली पारी में 60 गेंद में 29 रन बनाए। रविंद्र जडेजा ने उन्हें अपना शिकार बनाया। टेस्ट क्रिकेट में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड रिकी पोंटिंग के नाम है। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज रिकी पोंटिंग ने 29 मैच में 2555 रन बनाए हैं। जो रूट को इसे तोडने़ के लिए सिर्फ एक रन की दरकरार है, अगली पारी में वह इस रिकॉर्ड को अपने नाम कर सकते हैं।





## नुसरत भरुचा ने गिराई हुस्न की बिजलियां, ब्लैक आउटफिट में बढ़ाया इंटरनेट का पारा

नुसरत भरुचा अक्सर अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं. उन्होंने अपनी दमदार अदाकारी से हमेशा साबित किया है कि वह किसी भी तरह से किरदार में आसानी से खुद को ढाल सकती हैं. ऐसे में नुसरत के चाहने वाले उन्हें हमेशा ही पर्दे पर देखने के लिए बेताब रहते हैं. एक्ट्रेस भी अपने फैंस के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. अब फिर से नुसरत ने अपनी अदाओं से सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है.

लेटेस्ट फोटोशूट में नुसरत काफी स्वैग में नजर आ रही हैं. उन्होंने अपने इस नए फोटोशूट के लिए फंकी ऑफ शोल्डर ब्लैक टॉप और कागी स्टाइल मैचिंग की पैंट कैरी की है.

एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को सटल शाइनी बेस, न्यूड लिप्स और स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है. हेयरस्टाइल के लिए उन्होंने बालों का हाई पोनीटेल बनाकर बांधा हुआ है.

एक्सेसरीज के लिए नुसरत ने कानों में डायमंड ईयररिंग्स कैरी किए हैं. उन्होंने अपने इस लुक को कैमर के सामने खूब फ्लॉन्ट करते हुए एक से एक किलर पोज दिए हैं. अब फैंस के बीच उनका ये नया लुक भी काफी वायरल हो रहा है. नुसरत इस फोटोशूट में बेहद खूबसूरत और स्टनिंग दिख रही हैं.

वर्क फ्रंट की बात करें तो नुसरत के वर्क फ्रंट की बात करें तो इन दिनों वह अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म छोरी 2 को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. इसके पहले भाग में दर्शकों ने नुसरत पर खूब प्यार लुटाया था. अब फैंस उन्हें एक बार फिर से पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित हैं.



## मंगल लक्ष्मी बहनों के असामान्य बंधन की कहानी है : दीपिका सिंह

एक्ट्रेस दीपिका सिंह फैमिली ड्रामा मंगल लक्ष्मी में मुख्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की है और खुलासा किया है कि कैसे यह शो कई उदाहरणों को दर्शाता है जो हम हर रोज अपने आसपास देखते हैं।

यह शो मंगल (दीपिका) के इर्द–गिर्द घूमता है, जो मल्टीटास्कर है। वह बेटी, पत्नी और बहू की भूमिका ईमानदारी से निभाती है और साथ ही अपनी छोटी बहन, लक्ष्मी (सानिका अमित द्वारा अभिनीत) का पालन–पोषण भी करती है।

मंगल, लक्ष्मी के लिए एक जीवनसाथी ढूंढने का प्रयास कर रही है, यह सुनिश्चित करते हुए कि छोटी बेटी को उसी अपमान का सामना न करना पड़े जो मंगल को आदित (नमन शॉ द्वारा अभिनीत) के साथ अपनी शादी में अनुभव हुआ था।

मंगल की भूमिका निभाने के लिए तैयार, दीपिका, जो दीया और बाती हम में अपनी भूमिका के लिए जानी जाती हैं, ने साझा किया: मैं दिल्ली के एक देसी और भरोसेमंद किरदार मंगल की भूमिका निभाने के लिए रोमांचित हूं।

## बरुण सोबती स्टारर रक्षक: चैप्टर 2 में दिखाई जाएगी कुलगाम ऑपरेशन की कहानी

बरुण सोबती स्टारर फिल्म रक्षक–इंडियाज ब्रेव्स के निर्माताओं ने देशभक्ति सीरीज के दूसरे चैप्टर की घोषणा की, जो देश के शहीदों और उनके बलिदानों को श्रद्धांजलि है।

आर्मी मिशन की सच्ची घटनाओं पर, निर्माताओं ने फ्रेंचाइजी के दूसरे पार्ट के पहले लुक का अनावरण किया, जिसमें बरुन ने नायब सूबेदार सोमबीर सिंह की देशभक्ति गाथा को उकेरा है।

कहानी जूनियर कमीशंड ऑफिसर नायब सूबेदार सोमबीर सिंह की है। उन्होंने कुलगाम जिले में एक संयुक्त अभियान में डीवाईएसपी अमन कुमार ठाकुर के साथ मिलकर आतंकवादियों को मार गिराया और नागरिकों के जीवन और देश की अखंडता दोनों की रक्षा की।कुलगाम ऑपरेशन की कहानी पर प्रकाश डालते हुए, रक्षक– भारत के बहादुरः चैप्टर 2 नायब सूबेदार सोमबीर सिंह और डीवाईएसपी अमन कुमार ठाकुर की वीरता और जुनून को उजागर करता है, जो देश को आतंकवादियों के खतरों से बचाने के लिए एक गहरी प्रतिबद्धता से प्रेरित थे।उल्लेखनीय है कि आतंकवाद विरोधी अभियानों में उनकी बहादुरी और साहस के लिए नायब सूबेदार सोमबीर सिंह को शौर्य चक्र और डीवाईएसपी अमन कुमार ठाकुर को वीरता के लिए शेर–ए–कश्मीर पदक से सम्मानित किया गया था।

## रोहित शेट्टी की इंडियन पुलिस फोर्स को ओटीटी पर मिला जबरदस्त रिस्पांस

फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी ने अपनी पहली वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स के साथ ओटीटी पर कदम रखा। शो ने सप्ताहांत में आश्चर्यजनक रूप से शानदार दर्शक हासिल किए। यह शो के लिए एक जबरदस्त सफलता का संकेत है।सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय अभिनीत इंडियन पुलिस फोर्स दिल्ली पुलिस अधिकारी कबीर मलिक की गंभीर दुनिया पर प्रकाश डालती है, जहां वह प्रतिद्वंद्वी जरार का सामना करते है, जिसने आतंकवाद का रास्ता अपना लिया है।

एक्शन से भरपूर दृश्यों और हाई–ऑक्टेन ड्रामा के लिए रोहित की विशिष्ट प्रतिभा पूरी सीरीज में स्पष्ट है, जो इसे दर्शकों के लिए एक दिलचस्प घड़ी बनाती है।पहली वेब सीरीज ने न केवल शेट्टी की सिनेमाई शैली के प्रशंसकों को आकर्षित किया है, बल्कि व्यापक दर्शकों को ओटीटी प्लेटफॉर्म की ओर भी आकर्षित किया है।

## तिलवाड़ा और अगस्त्यमुनि से दो छात्राएं खेलेंगी राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता

**रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग के प्राथमिक शिक्षा से राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में कुमारी निधि उच्छाडुंगी से,कुमारी अंजली तिलवाड़ा से एवं कुमारी मनीषा अगस्त्यमुनि से आन्ध्र प्रदेश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे, जबकि कुमारी आईशा व इशान्त कक्षा 7 देवर ऊखीमठ से झारखण्ड राँची में आयोजित होने वाली खो खो प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए जनपद रुद्रप्रयाग के क्रीड़ा समन्वयक मनवर रावत व जिला क्रीड़ा सह समन्वयक हनीफ सिद्धिकी ने बताया है कि चयनित छात्र छात्राएं राष्ट्रीय कबड्डी एवं खो खो प्रतियोगिता के लिए रवाना हो गए हैं। उक्त छात्र छात्राओं के राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर जनपद के प्राथमिक शिक्षकों ने खुशी जाहिर की है,वहीं चयनित छात्र छात्राओं के माता पिता व क्षेत्रवासियों ने भी खुशी व्यक्त करते हुए इसे अन्य छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणादायक बताया है। वहीं लम्बी कूद व ऊंची कूद में मैखण्डा विद्यालय के कक्षा 8 के छात्र दिव्यांशू ने राष्ट्रीय स्तर पर पांचवां स्थान प्राप्त कर उत्तराखण्ड का नाम रोशन किया है, जबकि सुमाड़ी के अभिनव तरवाड़ा ने राष्ट्रीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में जनपद के प्राथमिक विद्यालयों के छात्र–छात्राओं का चयन होने पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने खुशी व्यक्त करते हुए हर सम्भव मदद करने का आश्वासन देते हुए कहा कि बच्चों के लिए खेल विधा विकसित करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## मण्डलीय अध्यक्ष का विद्यालय पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत

**रुद्रप्रयाग।** अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल अध्यक्ष शिव सिंह रावत का अपने विद्यालय नागेन्द्र इंका बजीरा लस्या जनपद रुद्रप्रयाग में अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार विद्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया है। शनिवार को नागेन्द्र इंका बजीरा में आयोजित स्वागत एवं सम्मान समारोह में शिक्षक कर्मचारियों ने शिव सिंह रावत को अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ मंडल अध्यक्ष बनने पर माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंटकर जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित मण्डलीय अध्यक्ष शिव सिंह रावत ने सभी शिक्षक कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि शिक्षक कर्मचारियों की समस्याओं को हल करना उनकी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रतनमणी काला, प्रबंधक भगतसिंह पुण्डीर, कोषाध्यक्ष केदार सिंह राणा, जसपाल सिंह राणा, चन्द्र सिंह नेगी,बीरेंद्र सिंह राणा,शोवेन्द्र शाह,राजेन्द्र सिंह राणा रश्मि नेगी, भरत सिंह चौहान, प्रीति बिष्ट,गौतमानन्द भट्ट,अनिल कुमार स्नेही, उत्तमा,ज्योति,योगेश उनियाल, देवेंद्र सिंह चौहान,सतीश राणा, धनी लाल,कमल लाल,मोर सिंह, विजयलक्ष्मी, महिला मंगल दल अध्यक्ष विकरा देवी सहित कई शिक्षक एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## सड़कों को लेकर पांच से अनशन करेंगे लोग

**चमोली।** खंसर घाटी के जनप्रतिनिधियों की शनिवार को माईथान में बैठक हुयी। जिसमें आगामी 5 फरवरी से विनायक धार में आमरण अनशन प्रारंभ करने पर सहमति बनी। जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण देवपुरी कस्बीनगर मोटर मार्ग निर्माण, माईथान –खीड़ा –चौखुटिया मोटर मार्ग के डामरीकरण करने और सीएचसी माईथान में चिकित्सक तैनात करने तथा देवपुरी गांव में दो सड़कों को आपस में मिलाने की मांग सामिल है।

## गैरसैंण में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**चमोली :** गैरसैंण। गैरसैंण प्रखंड़ की दोनों तहसीलों में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य समारोह में क्षेत्रीय विधायक अनिल नौटियाल ने ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण विस परिसर में राष्ट्रीय झंडा फहराते हुये देश के ज्ञात एवं अज्ञात स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों को याद करते हुये सभी देश एवं प्रदेश वासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस मौके पर स्थानीय विद्यालयों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र ध्रुव बर्थवाल सेंट जोसफ कांवेट स्कूल कोटद्वार में कक्षा 6 में अध्ययनरत है। मेरे पुत्र के स्कूली अभिलेखों में उसकी जन्मतिथि भूलवश 05-01-2012 अंकित हो गई है। जबकि मेरे ध्रुव बर्थवाल की सही व वास्तविक जन्मतिथि 05-01-2013 है, जो कि आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में अंकित है। अतः मेरे पुत्र ध्रुव बर्थवाल के स्कूली अभिलेखों में उसकी सही व वास्तविक जन्मतिथि 05-01-2013 दर्ज की जाय।


**रंजना बर्थवाल पत्नी स्व. राजीव बर्थवाल निवासी शिब्बूनगर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1589/21)


हर्षोल्लास के साथ मनाया गया देश का 75वां गणतंत्र दिवस

# पुलिस मैदान गोपेश्वर में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

**चमोली(सं)।** राष्ट्रीय पर्व ''गणतंत्र दिवस'' राष्ट्रीय एकता, अखंडता, धर्मनिरपेक्षता एवं सांप्रदायिक सौहार्द की भावना के साथ जिले में बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। क्लेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने ध्वजारोहण कर कार्मिकों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देश के संविधान को आत्मार्पित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ परिपालन करने और मिलजुल कर परोपकार की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र में मिलजुल कर कार्य करते हुए हम समानता की तरफ बढा सकते है। इस अवसर पर अमर शहीदों के बलिदानों को याद करते हुए शहीद स्मारकों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।



देश के 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन पुलिस मैदान गोपेश्वर में हुआ। पुलिस मैदान गोपेश्वर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि गढ़वाल सांसद एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने ध्वाजारोहण कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। पुलिस एवं एनसीसी जवानों की टुकड़ियों ने पुलिस बैंड के साथ शानदार रैतिक परेड निकालते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। वही स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुलिस, अग्निशमन, एनडीआरएफ, आपदा प्रबंधन, शिक्षा, उद्योग, उद्यान, कृषि एवं स्वास्थ्य विभागों ने विकासपरक झांकियां खासे आकर्षण का केन्द्र रही। मुख्य अतिथि गढ़वाल सांसद ने अमर शहीदों को नमन करते हुए सभी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारा देश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है और गणराज्य बनने से अब तक देश ने कई उपलब्धियां हासिल की है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का चौतरफा विकास हो रहा है। वन नेशन वन एजुकेशन की पॉलिसी लागू की गई है। भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2047 में जब हम आजादी का शताब्दी मना रहे होंगे, तो हमारा देश एक विकसित राष्ट्र होगा और वसुधैव कुटुंबकम की भावना से पूरे विश्व कल्याण में अग्रीण राष्ट्र होगा। इस दौरान मुख्य अतिथि ने सड़क दुर्घटनाओं में पीडितों की मदद करने वाले गुड सेमिरिटन के तहत 16 लोगों को सम्मानित किया। साथ ही पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, सीडीओ अभिनव शाह, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, स्कूली बच्चें एवं बडी संख्या में स्थानीय जनता मौजूद थी। (एजेंसी)

### रैतिक परेड में नागरिक पुलिस बल को मिला प्रथम पुरस्कार

गणतंत्र दिवस पर शानदार रैतिक परेड में नागरिक पुलिस बल का प्लाटून को प्रथम, महिला होमगार्ड को द्वितीय तथा पुरूष होमगार्ड को तृतीय स्थान मिला। विद्यालयों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में क्राइस्ट एकेडमी के बच्चों ने पहला, सुबोध प्रेम विद्या मंदिर ने द्वितीय तथा बालिका इंटर कॉलेज गोपेश्वर ने तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि विकासपरक झांकियों में शिक्षा विभाग की झांकी को पहला स्थान मिला। गणतंत्र दिवस समारोह पर आयोजित इस पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता जयदीप झिंक्वाण एवं अग्निशमन विभाग के सौरभ पुरोहित द्वारा किया गया।

# डीएम ने किया जिला सूचना कार्यालय भवन का उद्घाटन

**चमोली :** जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शनिवार को जिला सूचना कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रजपाल बिष्ट, क्रांति भट्ट, प्रमोद सेमवाल, देवेन्द्र रावत, महिपाल गुसांई, शेखर रावत, नंदन बिष्ट, पुष्कर चौधरी, सुरेन्द्र रावत, कृष्णा कुमार सेमवाल, जगदीश पोखरियाल, समीर बहुगुणा, पुष्कर नेगी, संदीप कुमार, रणजीत सिंह, विनोद रावत, सुरेन्द्र गडिया, मनोज रावत आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में प्रेस और मीडिया का बहुत बड़ा योगदान था। लोग मीडिया को बड़ी आशा भरी निगाहों से देखते थे। भारतीय संविधान के मूलभूत अधिकारों के अंतर्गत विचार एवं अभिव्यक्ति की आजादी दी गई है। इसी के अंतर्गत प्रेस को भी पूरी स्वतंत्रता प्रदत्त है। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज का दर्पण होता है। रोजमर्रा के जीवन में मीडिया से बहुत सी बातें जानने और सुनने को मिलती है। इससे सभी को सीखने और कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि देश और राज्य के विकास के लिए प्रेस और प्रशासन के संबंधों को सशक्त होना आवश्यक है। जनपद में प्रेस और प्रशासन के संबंधों को सशक्त बनाने और मीडिया को बेहतर सुविधाएं देने हेतु आज जिला सूचना कार्यालय भवन का उद्घाटन किया गया है। इस अवसर पर प्रभारी जिला सूचना अधिकारी रवेन्द्र सिंह ने समस्त प्रेस प्रतिनिधियों की ओर से जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ प्रेस प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह एवं पुस्तक भेंट करते हुए उनका स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी सूचना अधिकारी रवेन्द्र सिंह, प्रधान सहायक अनुज नैनवाल, संरक्षक वृजमोहन नेगी, कनिष्ठ सहायक विक्रम सिंह पंवार, सोशल मीडिया एक्सीक्यूटिव राजा तिवारी, फोटोग्राफर अशोक सेमवाल, सूरज नेगी, अनुसेवक पुष्कर लाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## लोगों ने किया कूड़ा डंपिंग जोन का विरोध

**चमोली :** नगर पालिका गोपेश्वर की ओर से चमोली कस्बे में अलकनंदा नदी किनारे पर कूड़ा डंपिंग जोन बनाया जा रहा है। जिसका स्थानीय लोगों ने कड़ा विरोध किया है। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कूड़ा डंपिंग जोन को यहां से हटवाकर आबादी से दूर बनवाने की मांग की है। स्थानीय लोगों की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि इस कूड़ा डंपिंग जोन में निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही एक सप्ताह से गोपेश्वर और चमोली का कूड़ा यहां डाला जा रहा है। जिससे यहां आसपास के घरों में बदबू फैल रही है। चारों ओर गंदगी फैली रहती है। जिससे लोगों का यहां पर रहना मुश्किल होता जा रहा है। साथ ही यहां पर एक वाहन शोरूम भी है, जहां दिनभर लोगों का आना जाना लगा रहता है। उन्हें भी इस बदबू से परेशानी झेलनी पड़ रही है। इससे पूर्व नगर पालिका का कूड़ा डंपिंग जोन गोपेश्वर-पोखरी रोड पर आबादी से दूर था, लेकिन अब इसे बस्ती के पास बनाया जा रहा है। उन्होंने इसे यहां से हटवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में रमेश सैलानी, मौ. उसमान अंसारी, शाहदाब अहमद, नइक अंसारी, उस्मान अंसारी, नफीस अहमद, रिजवान अंसारी, दीपक कुमार, इमरान अली, विजय अंसारी, मो. अहसान, तसलीम अहमद सहित अन्य लोग शामिल रहे। (एजेंसी)

# कर्णप्रयाग में रिठोली ने जीता क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब

**चमोली :** नगर के ईड़ा बधाणी में आयोजित स्व. कमलेश नेगी क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया है। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में अनिरुद्ध इलेवन रिठोली और दुर्गाधार चोपता इलेवन को रोमांचक मुकाबले में एक विकेट से हराकर खिताब जीता। बीते करीब एक माह से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस दौरान चोपता इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। और निर्धारित 20 ओवरों में रिठोली को 144 रनों का लक्ष्य दिया। तय लक्ष्य का पीछा करने उतरी अनिरुद्ध इलेवन के बल्लेबाजों ने छक्का मारकर मैच अपने पक्ष में किया और अंतिम विकेट शेष रहते हुए 148 रन बनाए। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता, उपविजेता टीमों और प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न सहित नकद धनराशि के चेक सौंपते हुए पुरस्कृत किया गया। इस दौरान उद्यमी रामकृष्ण भट्ट, शिक्षक आलोक नौटियाल, दि इंडियन एकेडमी के निदेशक मुनेंद्र खंडूड़ी, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री पंकज डिमरी, पूर्व नपं अध्यक्ष ललित नैनवाल, प्रधानाचार्या गीता खंडूड़ी आदि अतिथियों ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजक समिति के अध्यक्ष हुकुम सिंह गुसाईं, उपाध्यक्ष शिवनारायण किमोठी, सचिव दीपक सिंह, संयोजक उमेद सिंह गुसाईं आदि मौजूद थे।

## सड़कों को लेकर पांच से करेगें आमरण अनशन

**चमोली :** खंसर घाटी के जनप्रतिनिधियों की शनिवार को माईथान में बैठक हुयी। जिसमें आगामी 5 फरवरी से विनायक धार में आमरण अनशन प्रारंभ करने पर सहमति बनी। जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण देवपुरी कस्बीनगर मोटर मार्ग निर्माण, माईथान-खीड़ा-चौखुटिया मोटर मार्ग के डामरीकरण करने और सीएचसी माईथान में चिकित्सक तैनात करने तथा देवपुरी गांव में दो सड़कों को आपस में मिलाने की मांग शामिल है। इस

## ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथीग में आज अगस्त्यमुनि पहुंचेंगे सीएम

**रुद्रप्रयाग :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज रविवार को रुद्रप्रयाग जनपद के अगस्त्यमुनि मैदान पहुंचेंगे। इस दौरान सीएम ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग में प्रतिभाग करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को एक दिवसीय कार्यक्रम में अगस्त्यमुनि पहुंचेंगे। इस दौरान उनके द्वारा प्राचीन देवल से अगस्त्यमुनि खेल मैदान तक रोड शो किया जाएगा। साथ ही नारी शक्ति वंदन महोत्सव के ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग में शामिल होंगे। सीएम पूर्वाह्न 11:55 बजे सहस्त्रधारा हैलीपैड़ से हैलीकॉप्टर द्वारा जनपद रुद्रप्रयाग के लिए प्रस्थान कर 12:25 बजे पीजी कालेज अगस्त्यमुनि मैदान पहुंचेंगे। यहां से 12:30 बजे प्राचीन देवल पहुंचेंगे। जहां 12:35 बजे प्राचीन देवल अगस्त्यमुनि से 1:15 बजे अगस्त्यमुनि के खेल मैदान तक रोड शो में शामिल होंगे। इसके बाद सीएम 1:15 बजे से मुख्यमंत्री द्वारा अगस्त्यमुनि में नारी शक्ति वंदन महोत्सव के ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम संपंन होने के बाद सीएम पीजी कॉलेज अगस्त्यमुनि से 3:35 बजे जीटीसी हैलीपैड़ देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे। (एजेंसी)

# डीएम खुराना की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के टीबी फोरम की बैठक संपन्न

**चमोली(सं)।** जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को टीबी फोरम की बैठक संपन्न हुई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग को सम्पूर्ण जनपद को क्षय रोग मुक्त बनाने हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद चमोली के सभी 610 ग्राम पंचायतों में क्षय रोग की जांच कराने हेतु कार्ययोजना तैयार की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में घर–घर सर्वे और कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के साथ सभी टीबी मरीजों को चिन्हित किया जाए। चिन्हित टीबी मरीजों का उपचार के साथ ही को निक्षय पोषण एवं निक्षय मित्र योजना से लाभान्वित किया जाए और पूरे जनपद को टीबी रोग से मुक्त बनाया जाए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमा रावत ने अवगत कराया कि जनपद चमोली में 115 ग्राम पंचायतों को क्षय




रोग मुक्त किया गया है। वर्तमान में जनपद चमोली में 301 टीबी मरीज चिन्हित है, जिनका उपचार किया जा रहा है। इस बीमारी को रोकने के लिए सरकार ने निक्षय पोषण योजना शुरू की है। जिसमें मरीजों को इलाज के दौरान प्रतिमाह 500 रुपये की मदद दी जाती है। वही निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत जनपद में अभी तक 967 मरीजों को किट वितरित की गई है।

बैठक में एसीएमओ डॉ उमा रावत, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ एसके रतूडी, डीपीओ संदीप कुमार एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# रूद्रप्रयाग से तीन छात्राएं खेलेंगी राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता



**रुद्रप्रयाग :** जनपद रुद्रप्रयाग के प्राथमिक शिक्षा से राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में कुमारी निधि उच्छाडुंगी से, कुमारी अंजली तिलवाड़ा से एवं कुमारी मनीषा अगस्त्यमुनि से आन्ध्र प्रदेश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे, जबकि कुमारी आईशा व इशान्त कक्षा 7 देवर ऊखीमठ से झारखण्ड राँची में आयोजित होने वाली खो-खो प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए जनपद रुद्रप्रयाग के क्रीड़ा समन्वयक मनवर रावत व जिला क्रीड़ा सह समन्वयक हनीफ सिद्धिकी ने बताया है कि चयनित छात्र छात्राएं राष्ट्रीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता के लिए रवाना हो गए हैं। उक्त छात्र छात्राओं के राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर जनपद के प्राथमिक शिक्षकों ने खुशी जाहिर की है,वहीं चयनित छात्र-छात्राओं के माता-पिता व क्षेत्रवासियों ने भी खुशी व्यक्त करते हुए इसे अन्य छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणादायक बताया है। वहीं लम्बी कूद व ऊंची कूद में मैखण्डा विद्यालय के कक्षा 8 के छात्र दिव्यांशू ने राष्ट्रीय स्तर पर पांचवां स्थान प्राप्त कर उत्तर-खण्ड का नाम रोशन किया है, जबकि सुमाड़ी के अभिनव तरवाड़ा ने राष्ट्रीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में जनपद के प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का चयन होने पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने खुशी व्यक्त करते हुए हर सम्भव मदद करने का आश्वासन देते हुए कहा कि बच्चों के लिए खेल विधा विकसित करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। (एजेंसी)

# गणतंत्र दिवस पर गुलाबराय मैदान में हुई परेड, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने ली सलामी

**रुद्रप्रयाग :** जनपद में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम गुलाबराय मैदान में पुलिस विभाग द्वारा आयोजित किया गया जहां कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने भव्य पुलिस परेड की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने शहीदों के परिजनों को शॉल ओढ़कर सम्मानित किया। गुलाबराय मैदान में आयोजित पुलिस परेड का परेड कमाण्डर द्वारा परेड भार ग्रहण किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे एवं जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जबकि पुलिस अधीक्षक के साथ पुलिस परेड का निरीक्षण किया। भव्य पुलिस परेड के दौरान मुख्य आकर्षण फायर सर्विस द्वारा तिरंगे की प्रतिबिम्ब रूपी पानी की बौछार करना रहा। पुलिस परेड के प्रथम कमांडर पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन्स रुद्रप्रयाग हर्षवर्द्धनी सुमन, द्वितीय कमांडर उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस दमयन्ती गरोड़िया, तृतीय कमांडर यातायात उपनिरीक्षक कमल कुमार रहे। सशस्त्र



पुलिस की टोली का नेतृत्व उपनिरीक्षक यातायात सौकार सिंह, नागरिक पुलिस की टोली का नेतृत्व उपनिरीक्षक राजबर सिंह राणा, महिला पुलिस की टोली का नेतृत्व उपनिरीक्षक संयोगिता रावत, पहली बार प्रतिभाग कर रही महिला होमगार्डस की टोली का नेतृत्व अपर उपनिरीक्षक विनोद कुमार, महिला पीआरडी टोली का नेतृत्व केशव, एनसीसी की टोली का नेतृत्व कैडेट अनमोल ने किया। रुद्रप्रयाग में 6वीं ग्रेनेडियर भारतीय सेना के बैंड की मधुर धुन ने सूबेदार कुलदीप कुमार के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि द्वारा जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सूचना विभाग की नंदा लोककथा और स्कूली छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रही। इधर, पुलिस विभाग में निरीक्षक यातायात श्याम लाल को उत्कृष्ट सेवा के लिए (सेवा आधार पर) उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान किया गया है।

### जिला कार्यालय में डीएम ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**रूद्रप्रयाग :** जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने जिला कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। जबकि अधिकारी-कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिलाधिकारी ने जिला कार्यालय में कार्यरत राहुल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। राबाइंका रुद्रप्रयाग की छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गान एवं देशभक्ति की प्रस्तुति दी गई। विकास भवन में सीडीओ नरेश कुमार के साथ ही जिले के सभी सरकारी कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में कार्यालयाध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इससे पहले सुबह स्कूली छात्र-छात्राओं ने प्रभातफेरी निकाली।

कार्यक्रम का पुलिस विभाग के नरेंद्र सिंह रावत एवं सेवायोजना के किशन रावत ने संचालन किया। इस मौके पर जिपंअ अमरदेई शाह, रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, सीडीओ नरेश कुमार, एडीएम श्याम सिंह राणा सहित कई लोग मौजूद थे। (एजेंसी)


## ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथीग में आज अगस्त्यमुनि पहुंचेंगे सीएम

**रुद्रप्रयाग।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज रविवार को रुद्रप्रयाग जनपद के अगस्त्यमुनि मैदान पहुंचेंगे। इस दौरान सीएम ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग में प्रतिभाग करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जिला कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को एक दिवसीय कार्यक्रम में अगस्त्यमुनि पहुंचेंगे। इस दौरान उनके द्वारा प्राचीन देवल से अगस्त्यमुनि खेल मैदान तक रोड शो किया जाएगा। साथ ही नारी शक्ति वंदन महोत्सव के ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग में शामिल होंगे। सीएम पूर्वाह्न 11:55 बजे सहस्त्रधारा हैलीपैड़ से हैलीकॉप्टर द्वारा जनपद रुद्रप्रयाग के लिए प्रस्थान कर 12:25 बजे पीजी कालेज अगस्त्यमुनि मैदान पहुंचेंगे। यहां से 12:30 बजे प्राचीन देवल पहुंचेंगे। जहां 12:35 बजे प्राचीन देवल अगस्त्यमुनि से 1:15 बजे अगस्त्यमुनि के खेल मैदान तक रोड शो में शामिल होंगे। इसके बाद सीएम 1:15 बजे से मुख्यमंत्री द्वारा अगस्त्यमुनि में नारी शक्ति वंदन महोत्सव के ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग में प्रतिभाग करेंगे।


# मण्डलीय अध्यक्ष का विद्यालय पहुंचने पर किया भव्य स्वागत

**रुद्रप्रयाग :** अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल अध्यक्ष शिव सिंह रावत का अपने विद्यालय नागेन्द्र इंका बजीरा लस्या जनपद रुद्रप्रयाग में अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार विद्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया है।

शनिवार को नागेन्द्र इंका बजीरा में आयोजित स्वागत एवं सम्मान समारोह में शिक्षक कर्मचारियों ने शिव सिंह रावत को अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ मंडल अध्यक्ष बनने पर माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंटकर जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित मण्डलीय अध्यक्ष शिव सिंह रावत ने सभी शिक्षक कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि शिक्षक कर्मचारियों की समस्याओं को हल करना उनकी पहली



प्राथमिकता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रतनमणी काला, प्रबंधक भगतसिंह पुण्डीर, कोषाध्यक्ष केदार सिंह राणा, जसपाल सिंह राणा, चन्द्र सिंह नेगी, बीरेंद्र सिंह राणा, शोवेन्द्र शाह, राजेन्द्र सिंह राणा, रश्मि नेगी, भरत सिंह चौहान, प्रीति बिष्ट, गौतमानन्द भट्ट, अनिल कुमार स्नेही, उत्तमा, ज्योति, योगेश उनियाल, देवेंद्र सिंह चौहान, सतीश राणा, धनी लाल, कमल लाल, मोर सिंह, विजयलक्ष्मी, महिला मंगल दल अध्यक्ष विकरा देवी सहित कई शिक्षक एवं अन्य लोग मौजूद थे।



### विधायक ने किया सड़क डामरीकरण का श्री गणेश

**चमोली :** क्षेत्रीय विधायक अनिल नौटियाल ने गैरसैंण-चंडियाल-हाईस्कूल महरगांव कुल 18 किमी. मोटर मार्ग का डामरीकरण का श्रीगणेश किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डामरीकरण के उपरांत इस क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मुहैया होगी। कहा कि उनकी सरकार की मंशा सभी गांवों को सड़क से जोड़ने की है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक एवं उनके साथ आये प्रतिनिधियों का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख शशि सौरियाल, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हीरा फनियाल, नगर मंडल अध्यक्ष कस्तूरा देवी, युवा मोर्चा जिअ महावीर रावत, जिपंस विनोद नेगी, बलवंत सिंह, दयाल सिंह, त्रिलोक सिंह आदि कई भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे। (एजेंसी)

## करंट लगने से श्रमिक झुलसा

**जयन्त प्रतिनिधि ।**

**कोटद्वार** : मोटाढांक क्षेत्र में विद्युत लाइन पर काम कर रहा एक श्रमिक करंट से झुलस गया। आसपास मौजूद लोगों ने श्रमिक को उपचार के लिए राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में भर्ती करवाया। घायल श्रमिक विद्युत विभाग में ठेकेदार के अधीन डेलीवेजेज पर कार्य करता है।

विद्युत विभाग के ठेकेदार नरेंद्र सिंह ने बताया कि वर्तमान में मोटाढांक क्षेत्र में पुरानी विद्युत लाइनों को बदलने का कार्य चल रहा है। नेपाल के वर्दिया जिला स्थित बालापुर निवासी जगराम उम्र 35 वर्ष पुत्र जगतराम मोटाढांक क्षेत्र में अन्य श्रमिकों के साथ पुरानी विद्युत लाइन बदलने का कार्य कर रहा था। तभी वह 11 हजार केवी विद्युत करंट की चपेट में आ गया। अन्य श्रमिकों ने रस्सों की सहायता से उसे विद्युत पोल से नीचे उतारकर इलाज के लिए राजकीय बेस हास्पिटल में भर्ती करवा दिया है।

## बिना सूचना बंद कर दी फैक्ट्री, भटक रहे कर्मचारी

**कोटद्वार** : बलभद्रपुर निवासी श्रमिकों ने बलभद्रपुर क्षेत्र में संचालित होने वाली एक फैक्ट्री के संचालक पर उन्हें पूर्व में बिना सूचना दिए फैक्सी को बंद करने का आरोप लगाया है। कहा कि ऐसे में अब श्रमिकों के समक्ष अर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

समस्या के सबंध में श्रमिकों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। बताया कि वह बलभद्रपुर में संचालित होने वाली एक फैक्ट्री में काम करते थे। लेकिन, कुछ माह पूर्व संचालक ने बिना पूर्व सूचना दिए फैक्ट्री को बंद कर दिया है। ऐसे में वहां काम करने वाले 120 श्रमिकों के समक्ष कई संकट खड़े हो गए हैं। श्रमिक न्याय के लिए लगातार इधर-उधर भटक रहे हैं। पूर्व में उन्होंने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की थी। लेकिन, अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यही नहीं फैक्ट्री संचालक की ओर से उन्हें धमकी भी दी जा रही है। श्रमिकों ने उनके हित को देखते हुए जल्द ही कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर चंद्र सिंह रावत, सीके पांडेय, विक्रम सिंह पंवार, नरेश चौधरी, उमेश सिंह, मनोज यादव, आशा राम, पुरुषोत्तम मित्तल, रमेश चंद्र सुरेंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को बताया गणतंत्र दिवस का महत्व

**कोटद्वार** : गणतंत्र दिवस पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्रास्टनगंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य उमाकांत कुकरेती व मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में बताया।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम से पूर्व प्रधानाचार्य उमाकांत कुकरेती, पूर्व प्रधानाचार्य विजय लखेड़ा व आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा ने तिरंगे झंड़े का रोहण किया। अतिथियों ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। इसके उपरांत बच्चों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। गढ़वाली, कुमाऊंनी सहित अन्य गीतों पर प्रस्तुत नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर ओमवीर सिंह पाल, अनिता कंडारी, रश्मि उनियाल, वैशाली नेगी, अनिल बलूनी, शिवानी, बृजेश साहनी आदि मौजूद रहे।

## आज निकालेगी कलश यात्रा

**कोटद्वार** : श्री गीता भवन गोविंद नगर कोटद्वार में श्री गीता भवन उत्सव समिति, श्री कृष्ण कृपा परिवार की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। पंडित राम प्रकाश शर्मा ने बताया कि ज्ञानानंद जी महाराज के कोटद्वार आगमन पर होने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया 28 जनवरी को मध्यान 2:30 बजे श्री गीता मंदिर से नगर के मुख्य मार्गों में कलश यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में सुबोध अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, अजय गुप्ता, विनय शर्मा, रमेश सिंगल, हरीश नारंग, मनोज अग्रवाल, अभिसेख अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, राजू छावड़ा, राजेंद्र अग्रवाल, सेवक मनुजा, सीमा गोयल, रश्मि अग्रवाल, लक्ष्मी गर्ग, अंजली अग्रवाल, पूनम खंतवाल, पूनम जैन, शिला जैन, निशा अग्रवाल, पूनम गर्ग, ममता अग्रवाल, रिचा गर्ग, आराधना अग्रवाल, अमिता गर्ग आदि उपस्थित थे।

## सफलता के लिए कोई शॉर्टकट मार्ग नहीं : घिल्डियाल

**श्रीनगर गढ़वाल** : शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक आचार्य डॉ. चंडी प्रसाद घिल्डियाल ने शनिवार कोराजकीय बालिका इण्टर कालेज श्रीनगर में परीक्षा पर कार्यक्रम के तहत छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट मार्ग नहीं होता है, बस लगन पूर्वक और धैर्य पूर्वक परिश्रम करना ही इसका मूल मंत्र है, और यदि सफलता नहीं भी मिलती है तो फिर से प्रयास प्रारंभ कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक नहीं है, कि सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हो कुछ बच्चे कम मेरिट में भी उत्तीर्ण हो सकते हैं, जीवन बहुत सारे कार्यों के लिए बना होता है, इसलिए बच्चे धैर्य पूर्वक निष्काम कर्म करते हुए बोर्ड परीक्षाओं के लिए परिश्रम करें, किसी प्रकार दबाव में अथवा डिप्रेशन में आने की आवश्यकता नहीं है।

# सीएम ने मुख्यमंत्री आवास में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सबको मिलकर योगदान देना होगा।

कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साढ़े नौ साल के कार्यकाल में हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का लाभ दिया गया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कार्य हुए है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हुआ। मातृशक्ति को सशक्त बनाने के लिए लखपति दीदी योजना के तहत तेजी से कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है।\



सीएम पुष्कर सिंह धामी संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाते हुए।

जनभागीदारी एवं जन सहयोग से उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। इस अवसर पर सचिव शैलेश बगोली, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव जे.एस कांडपाल और मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## पानी के लिए डेढ़ किलोमीटर की दौड़ लगा रहे बंगानी के ग्रामीण

**कोटद्वार** : ग्राम पंचायत दियुषा के ग्राम बंगानी के ग्रामीण पीने के पानी के लिए डेढ़ किलोमीटर की दौड़ लगा रहे हैं। लगातार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार सिस्टम ग्रामीणों की समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव के लिए दशकों पूर्व पेयजल योजना बनाई गई थी। लेकिन, वर्तमान में पेयजल लाइन पूरी तरह सड़गल चुकी है। जिसके कारण गांव में पानी नहीं पहुंच पाता। नतीजा ग्रामीणों को पानी के लिए डेढ़ किलोमीटर प्राकृतिक स्त्रोत के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। पानी के अभाव में ग्रामीण पलायन को मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीण राजेश थपलियाल, प्रेम प्रकाश थपलियाल, जगमोहन तड़ियाल, विवेक नंद, कुर्मा नंद, ऋषि बल्लभ, जय प्रकाश थपलियाल ने कहा कि एक ही ग्राम पंचायत के गांव दिउषा और कुशिया में व्यास घाट डांडा नागराजा परियोजना से पानी दिया जा रहा है। लेकिन, बंगानी गांव को इससे वंचित किया गया है। कहा कि गांव के लिए भी इसी परियोजना से पानी की योजना तैयार होनी चाहिए।

### कठपुतली शो के माध्यम से वन सुरक्षा का दिया संदेश

# हंस फाउंडेशन की ओर से विद्यालयों में आयोजित की गई कार्यशाला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पर्यावरण व वनों की सुरक्षा को लेकर हंस फाउंडेशन की ओर से अभियान चलाया गया जा रहा है। इसके तहत राजकीय इंटर कॉलेज सतपुली, इंटर कॉलेज जयहरीखाल व ग्राम सभा ओडल में कठपुतली शो के माध्यम से विद्यार्थियों व आमजन को जागरूक किया गया।

कार्यशाला में कठपुतली के शो के माध्यम से मानव जीवन के लिए वनों को महत्वपूर्ण बताया गया। सदस्यों ने वन सुरक्षा के लिए आमजन को सामूहिक रूप से सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। उत्तराखंड के प्रसिद्ध पपेटर रामलाल व साथी कलाकारों ने कठपुतली के माध्यम से आग की घटनाओं से वनों को बचाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वन नहीं होगें तो मानव जीवन भी संभव नहीं है। वनों के बगैर न तो वन्य जीव बचेंगें और न ही पानी बचेगा। पानी



हंस फाउंडेशन की ओर से विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी

न होने से मानव जीवन समाप्त हो जाएगा। हंस फाउंडेशन के परियोजना समन्ययक सतीश बहुगुणा ने कहा कि द हंस फाउंडेशन के माध्यम से वनों को आग से बचाने के लिए वन विभाग के साथ मिलकर पौड़ी, टिहरी गढ़वाल, अल्मोड़ा, बागेश्वर में सौ गांवों में यह परियोजना चलाई जा रही है। जिसमें जजागरूकता कार्यक्रम के साथ ही ग्राम स्तर पर तीन हजार फायर फाइटर्स का चयन किया गया। हंस फाउंडेशन ने सभी तीन हजार फायर फाइटर्स को सुरक्षा प्रदान करने लिए प्रत्येक का पांच लाख का बीमा भी करवाया है।

# महाविद्यालय को मिला पुरस्कार



**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत की ओर से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार को पुरस्कृत किया गया है।

दून विश्वविद्यालय देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. जानकी पंवार एवं महाविद्यालय के नैक कॉर्डिनटर डॉ. प्रवीन जोशी को पांच लाख रुपये का चैक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्या प्रो. पंवार ने इस उपलब्धि के लिये महाविद्यालय की आई.क्यू.ए.सी. टीम, समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों को इसका श्रेय देते हुए कहा कि महाविद्यालय के लिए यह गौरव का क्षण है, पुरस्कृत होने पर हमारी जिम्मेदारी महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं शोध को और उच्च स्तर पर ले जाने की हो गई है, जिसे सभी के प्रयासों से साकार किया जायेगा। कहा कि विगत अक्टूबर माह में राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा की गुणवत्ता आंकलन हेतु मानक संस्था राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा महाविद्यालय का पाठ्यक्रम एवं शैक्षणिक स्तर, छात्र उन्नयन, शोध एवं नवाचार, आधारभूत संरचना एवं सुशासन आदि विभिन्न मानकों हेतु दो दिवसीय निरीक्षण किया था, जिसके आधार पर महाविद्यालय को 2.49 सी.जी.पी.ए. के साथ बी ग्रेड प्राप्त हुआ था।

# राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने किया सड़क सुरक्षा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना

**देहरादून।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024, में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम की श्रृंखलाओं में आज आयोजित सड़क सुरक्षा रैली राज्यसभा सांसद नरेश बंसल द्वारा होटल द्रोण से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया यह जागरूकता रैली होटल द्रोण से संभागीय परिवहन विभाग के कार्यालय राजपुर रोड तक गई। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता की आवश्यकता है, प्रत्येक वर्ष लाखों लोग रैस ड्राईव के कारण दुर्घटना का शिकार होते हैं, लोगों का जीवन बचाने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है इसलिए इस रैली का फ्लैग ऑफ किया गया है। कहा कि सरकार का यही प्रयास है कि दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत् से अधिक की कमी लाई जाए इसके लिए सड़कों का निर्माण एवं सुरक्षात्मक उपाय अपनाये जा रहे है। आम आदमी को जागरूक होने की आवश्यकता है।

सड़क सुरक्षा रैली के अवसर पर पर संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन शैलेश कुमार तिवारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेन्द्र विराटिया, टीटीओ एमडी अनुराधा पंत, एवं आरटीओ की टीम व मैजिक एवं आटो के चालक/परिचालक उपस्थित रहे।



इसके उपरान्त माननीय राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा के प्रति जनमानस में जागरूकता लाई जाए इसके लिए स्कूलों में नियमित जागरूगता कार्यक्रम एवं मॉकड्रिल आयोजित की जाएं ताकि नई पीढी जागरूक हो सके साथ ही सरकारी कार्यालयों/संस्थानों आदि में जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित करें तथा स्कूलों में सड़क सुरक्षा के नियमों वाले पोस्टर भी लगाएं जिससे बच्चे जागरूक रहें। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों की सहायता करने वालों को पुरस्कृत करें तथा दुर्घटना के समय की गई सहायता, के वीडियो को प्रसारित किया जाए, जिससे अन्य लोग भी दुर्घटना में घायल लोगों की सहायता करने के लिए प्रेरित हो सकें। उन्होंने कहा कि आटो/रिक्शा सहित सभी वाहनों पर फर्स्ट एड लगाया जाए तथा वाहन चालकों/परिचालकों को फर्स्ट एड का प्रशिक्षण भी दिया जाए, क्योंकि कोई दुर्घटना होती है तो यही लोग फर्स्ट रिस्पांडर होते हैं, इनको प्रशिक्षित कर लोगों की जान बचाई जा सकती है।

उन्होंने सड़कों पर वाहन गति के चेतावनी वाले साईन बोर्ड लगाने तथा विभिन्न क्षेत्र विशेष के अनुसार सड़क सुरक्षा उपाय अपनाने के निर्देश दिए। इसके लिए सभी विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय कर बेहतर प्लान बनाये, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि जो ब्लैक स्पॉट हैं उनमें सुधारीकरण कार्य कराए तथा जिन ब्लैक स्पॉट में सुधारीकरण कार्यों में समय लग रहा है उनमें शार्ट टर्म सुधार कर दिए जाएं ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि सड़कों पर लेफ्ट टर्न फ्री होने के उपरान्त भी फ्री नही हो पाता है इसमें सुधार की आवश्यकता है, इसके लिए लोगों को जागरूक करें तथा नियमों का परिपालन करवाये। उन्होंने शहर में जाम की व्यवस्था से निपटने एवं सुरक्षात्मक उपाय करने के लिए स्कूलों के प्रधानाचार्यों/ प्रबन्धकों से स्कूल के खुलने एवं छुट्टी के समय में परिवर्तन करने के निर्देश दिए। माननीय सांसद ने सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जाहिर करते सड़क सुरक्षा के प्रभावी उपाय अपनाने पर बल दिया।

बैठक में बताया कि जनपद में 49 ब्लैक स्पॉट चिन्हित थे जिनमें से 37 में सुधार कर दिया गया है तथा 12 में सुधार की प्रक्रिया गतिमान है। संभागीय परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रेस ड्राईविंग में 5766 चालान किए गए हैं तथा 5777 ड्राईविंग लाईसेंस निरस्त किये गए है। पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात ने बताया कि वर्ष 2023 में दुर्घटना में सहायता करने वाले 08 लोगों को पुरस्कृत किया गया है तथा पुलिस एवं आरटीओं द्वारा 2 लाख से अधिक चालान किए गए है। बैठक में बताया गया कि सांय 06 बजे 12 बजे तक अधिक दुर्घटनाएं होती हैं, तथा चार पहिया वाहन से अधिक दुर्घटनाएं सामने आई हैं जबकि मृत्यु दर दो पहिया वालों की अधिक है।बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने माननीय राज्यसभा सांसद का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि माननीय सांसद द्वारा बैठक में जो निर्देश एवं मार्गदर्शन दिए गए हैं उनका प्रभावी रूप से पालन किया जाए तथा सड़क सुरक्षा हेतु प्रभावी योजना बनाते हुए कार्य करें।

बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका, अधि0 अभि0 लोनिवि जितेन्द्र कुमार त्रिपाटी, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन शैलेश कुमार तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात अनुज कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेन्द्र विराटिया सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस, प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोटद्वार शहर में गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम मालवीय उद्यान में हुआ। यहां नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने ध्वाजा रोहण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान के महत्व के बारे में भी बताया। वहीं, यातायात कंपनी जीएमओयू लि. मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। जामा मस्जिद में नव नियुक्त अध्यक्ष ताजुद्दीन इदरीसी और इमाम बदरूल इस्लाम ने ध्वज फहराया। जिला कांग्रेस कार्यालय कोटद्वार में जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि आज का दिन देश के महान स्वतंत्रता



नवयुग पब्लिक स्कूल में ध्वजा रोहण करते शिक्षक

संग्राम सेनानियों को स्मरण करने का दिन है। कहा कि यह प्रत्येक भारतीय की जिम्मेदारी है कि हम मूल्यवान संविधान की रक्षा करें। किंगडम आफ हैवन चाइल्ड केयर संस्था में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तु किए। राजकीय महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य प्रो. एम डी कुशवाहा ने ध्वजारोहण किया। डीएवी पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य नितिन भाटिया व एसजीआरआर पैरामेडिकल कालेज में प्राचार्य डा. गिरीश उनियाल ने ध्वजारोहण किया। नवयुग पब्लिक स्कूल पदमपुर मोटाढांक में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य नीलम नेगी ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में बताया। इसके साथ ही क्षेत्र में प्रभात फेरी भी निकाली गई। राजकीय इंटर कॉलेज कुंभीचौड़ में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इससे पूर्व कुंभीचौड़, नाथूपुर, जीतपुर, विशनपुर सहित अन्य स्थानों पर प्रभात फेरी निकाली गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य लखपत राज खुगशाल, राजेंद्र कुमार भंडारी, प्रकाश चंद्र सिंह, सुनील रावत, नीरज कुमार, नीरज कुमार कमल, पूनम पांथरी, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं, उत्तराखंड क्रांति दल ने शिब्बू नगर देवी रोड स्थित कार्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज को फहरा कर गणतंत्र दिवस को मनाया। इस मौके पर जग दीपक सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत, प्रवेश चंद्र नवानी, सत्य प्रकाश भारद्वाज, गोविंद डंडारियाल, पुष्कर सिंह रावत, सर्वेंद्र काला, विनोद चौधरी, भारत मोहन काला, मेहरबान सिंह नेगी, सत्यपाल सिंह नेगी, सुरेश पटवाल आदि मौजूद रहे।

# देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में वशिष्ठ सदन रहा अव्वल



**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान आयोजित देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में वशिष्ठ सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय में प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने ध्वाजा रोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में बताया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वरिष्ठ प्रवक्ता डा. पदमेश बुडाकोटी ने बताया कि देश भक्ति गीत प्रतियोगिता में वशिष्ठ सदन, भारद्वाज सदन, कण्व सदन, लोकनृत्य प्रतियोगिता में सावित्री सदन, वशिष्ठ सदन, गौतम सदन ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। इस मौके पर अभिभावक संघ के अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, भास्कर बड़थ्वाल, निर्मला देवी, रईस अहमद सलमानी, दिनेश कौशिक, अमिता साहनी, मनमोहन गौनियाल आदि मौजूद रहे।

## कविताओं के माध्यम से बिखेरा देश भक्ति का रस

**कोटद्वार** : गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर साहित्यिक संस्था साहित्यांचल की ओर से कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कवियों ने कविताओं के माध्यम से देश भक्ति का रस बिखेरा।नगर निगम सभागार में आयोजित कवि गोष्ठी का आरंभ संस्था अध्यक्ष सी पी नैथानी, संरक्षक डा. वेद प्रकाश माहेश्वरी व नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया।

तत्पश्चात कवि ए पी डंगवाल ने मातृभूमि है पुण्य धरा.. कविता से गोष्ठी का आरंभ किया। डा. चंद्र मोहन बड़थ्वाल ने ऐसा कुछ काम हो, जिसका अच्छा अंजाम हो, और डा. दिवाकर बेबनी ने लोकतंत्र के नृपौं को राजधर्म पढ़ाना होगा.. आदि कविताएँ सुनाकर वाहवाही लूटी तो गोविन्द डंडरियाल व राकेश अग्रवाल ने राम मन्दिर संबंधित कविता का वाचन कर माहौल को राम मय बनाया।

## पौड़ी–सत्यखाल मार्ग को जनासू रेलवे स्टेशन से जोड़ा जाय

**पौड़ी** : भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष दलवीर सिंह नेगी ने पौड़ी-सत्यखाल मोटर मार्ग को जनासू रेलवे स्टेशन से जोड़ने की मांग की है। उन्होंने गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत को इस संबंध में ज्ञापन दिया है। कहा कि पौड़ी मुख्यालय के सत्यखाल-चड़धार-कंडी-विलकेधार मोटर मार्ग को जनासू रेलवे स्टेशन से जोड़ने का सबसे सही विकल्प व सबसे कम दूरी वाला मोटर मार्ग है।

# डीएम ने सीएम के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम का लिया जायजा



**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने शनिवार को मुख्यमंत्री के फरवरी माह में प्रस्तावित भ्रमण को लेकर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों के साथ तैयारी की समीक्षा बैठक ली।

जिलाधिकारी ने कंडोलिया पार्क, ल्वाली मार्ग, नागदेव मार्ग, डांडापानी गडोली मार्ग व छतरीधार का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रोग्राम के दौरान पुलिस विभाग को यातायात, भीड़ प्रबंधन व पार्किंग की व्यवस्था के लिए रूट प्लान तैयार करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की व्यवस्था ल्वाली मार्ग व नागदेव मार्ग पर करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने श्रीनगर से आने वाले वाहनों के आवागमन के लिए गडोली-डांडापानी मार्ग का उपयोग करते हुए लोनिवि को मार्ग सही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल कंडोलिया मैदान में टैंट व्यवस्था, लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं पूर्ण करने को कहा।

## क्रांस-कंट्री में अनुज नेगी व ललिता रावत रहे प्रथम

कोटद्वार : गणतंत्र दिवस पर जिला क्रीड़ा विभाग की ओर से क्रांस-कंट्री का आयोजन किया गया। इस दौरन ओपन बालिक वर्ग में अनुज नेगी व बालिका वर्ग में ललिता रावत ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। राजकीय स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय फुटबाल प्रशिक्षक सुनील रावत व चंद्रपाल पटवाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। अतिथियों ने युवाओं को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की सीख दी। इस दौरान ओपन बालक वर्ग में अनुज, नेगी, करन सिंह, दिपांशु चौहान बालिका वर्ग में ललिता रावत, प्रिया, सानिया नेगी, अंडर-17 बालक वर्ग में मुकुल नेगी, अयान, देवेश जखवाल, बालिका वर्ग में रीता, दीक्षा धस्माना, सुहानी, अंडर-14 बालक वर्ग में आदित्य रावत, अंशवीर, विशाल थापा, बालिका वर्ग में साक्षी, अंकिता, हिमानी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी, सुधीर नेगी, मान सिंह थापा, महेंद्र सिंह रावत, वीरेंद्र भंडारी, सिद्धार्थ उनियाल, सूरज नेगी, आशीष भट्ट, अमित कुमार, वीरेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

### पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गणतंत्र दिवस पर पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत की ओर से विद्यालय के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को सफल जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। कहा कि विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य तय कर पूरी मेहनत व ईमानदारी से उसे पाने में जुट जाना चाहिए। विद्यालय के प्रवक्ता संजय कुमार ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के बार में बताया।

इस दौरान विद्यालय के छात्र संसद के प्रधान नायक सुजल राणा, क्रीड़ा सचिव प्रियांशु नेगी, अनुशासन सचिव अमन सिंह, स्वच्छता सचिव आयुष सिंह व सांस्कृतिक सचिव अनुष्का को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय के अव्वल विद्यार्थी जीविका, यश चौहान, नमन सिंह, अंशु रावत, सुमित सिंह, कोमल, अनुज नेगी, साक्षी चौहान, मोहित सिंह को भी सम्मानित किया। वहीं, गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार की भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा



पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक

में सातवीं कक्षा के छात्र शिव सिंह रमोला द्वारा जनपद स्तर में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर भी खुशी व्यक्त की गई। इस मौके पर शिक्षक प्रमोद रमोला, कैलाश रावत, दिनेश सिंह बिष्ट, डा. तपेंद्र बिष्ट, नीरज रमोला, सतीश चंद्र शाह, रामेंद्र भंडारी, प्रकाश चंद्र कैंथाला आदि मौजूद रहे।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338